हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार 7 जनवरी 2026

तापमान

अधिकतम 26.2 डिग्री

न्यूनतम 7.4 डिग्री

12 कातुलबोर्ड में 1 करोड़ की लागत से 15 जगहों पर बन रही सड़कें



13 अनन्या को आर्टिस्टिक सिंगल योग में गोल्ड





## खबर संक्षेप

### स्कूली छात्रों की हुई चेकिंग

**भिलाई।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने केपीएस स्कूल में ट्रैफिक पुलिस ने छात्र-छात्राओं को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी है। साथ ही नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर उनका चालान भी काटा है। ट्रैफिक टीआई पीडी चंद्रा ने बताया कि अभियान के तहत जो वाहन चालक हेलमेट और सीट बेल्ट का पालन कर रहे हैं, उन्हें ट्रैफिक पुलिस द्वारा गुलाब का फूल भेंट कर प्रोत्साहित किया जा रहा है। नगर के बाहर बिना हेलमेट दोपहिया वाहन लेकर पहुंचे स्कूली बच्चों के लाइसेंस भी चेक किए गए हैं। इस तरह का अभियान आगे शहर के अन्य स्कूलों के बाहर भी चलाया जाएगा।

# दस साल बाद ऐसी ठंड, ट्विनसिटी का न्यूनतम तापमान सामान्य से 6.5 डिग्री सेल्सियस कम

## वर्ष 2016 के जनवरी महीने में पहुंचा था न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अलग खबर

नए साल की शुरूआती सप्ताह में कड़ाके की ठंडी पड़ने लगी है। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस तक आ पहुंचा। यह सामान्य से 6.5 डिग्री सेल्सियस कम है। दस साल पहले ट्विनसिटी का न्यूनतम तापमान जनवरी महीने में इतना कम आया था। यानी वर्ष 2016 जनवरी में न्यूनतम तापमान इस तरह था। तापमान में अचानक गिरावट आने से लोगों ठिठुरती ठंड का एहसास होने लगा। पूरे दिन गर्म कपड़ों में लोग लदे रहे।



### शाम होते ही जलने लगे अलाव

ट्विनसिटी में शाम होते ही लोग अलाव जलाने लगे। मार्केट एरिया, मुहल्लों और कालोनियों में भी लोग अपने घरों के सामने अलावा जलाते दिखे। इस तरह का नजारा इस सीजन में पहली बार देखने मिला। लोग रात होने पर ही अलाव जलाया करते थे। लोग ठिठुरन से बचने के लिए गर्म कपड़ों के अलावा अलाव से राहत पाने की कोशिश करने लगे हैं। निगम द्वारा सार्वजनिक स्थलों में अलाव जलाने का क्रम तेज कर दिया गया है।



### अधिकतम तापमान भी 26.2 डिग्री सेल्सियस

ट्विनसिटी में न्यूनतम तापमान के गिरने के साथ अधिकतम तापमान में भी बड़ी गिरावट आई। अधिकतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है जो सामान्य से 1.0 डिग्री सेल्सियस कम रहा है। अधिकतम तापमान भी इस बार सीजन में पहली बार इतना कम रहा है। इसके पहले चार दिनों पूर्व अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस तक चला गया था। जिसकी वजह से ठंड कम लगने लगी थी।

### मौसम विभाग ने दी शीतलहर की चेतावनी

मौसम विभाग ने ट्विनसिटी का न्यूनतम तापमान में आई भारी गिरावट के बाद शीतलहर की चेतावनी भी दी है। मौसम विज्ञाानी डॉ. एचपी चंद्रा बतातें हैं कि आने वाले दो दिनों में ठंड और बढ़ेगी। बुधवार को न्यूनतम तापमान में कोई खास परिवर्तन नहीं होगा लेकिन उसके बाद पारा और नीचे जा सकता है। मौजूदा हालात से घना कोहरा छाए रहने की भी स्थिति बन रही है।

### रात में और बढ़ेगी ठिठुरन

मौसम विभाग के मुताबिक रात में दिन की अपेक्षा और ठंड बढ़ेगी। यानी रात का पारा एक से दो डिग्री सेल्सियस और कम हो सकता है। पूरे दिन सर्द हवाएं भी चली। शाम होते ही नम हवाएं और तेज हो गई। डॉक्टरों ने ठंड से बचने की सलाह दी है। डॉ. एसके शर्मा बताते हैं कि बुजुर्गों और छोटे बच्चों को ठंड में खास ध्यान रखना पड़ता है। लोग भी बिना गर्म कपड़े के घर से नहीं निकले। खासकर नाक, मुंह और कान को ढ़ककर चलें। इन दिनों मौसम के उतार-चढ़ाव की वजह से लोगों को सीजनल बीमारी का अटैक होने लगा है। दमा रोगियों को श्वांस लेने में दिक्कतें आती है। सर्दी, खांसी, बुखार के साथ बदन दर्द, जोड़ों में दर्द की समस्या आ रही है।

## पेयजल : 10 करोड़ की नई योजना

# 2.72 एमएलडी प्लांट फिर से होगा शुरू, दो नई पानी टंकी भी बनेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई शहरवासियों को गर्मी में लगातार पानी देने के लिए निगम ने एक नई कार्ययोजना लाई है। 10 करोड़ की लागत से यह योजना बनाई गई है। जिसमें 2.72 एमएलडी के बंद वाटर सप्लाई प्लांट को फिर से शुरू किया जाएगा। 77 एलएलडी वाटर सप्लाई प्लांट में संपवेल और पंप हाउस का निर्माण किया जाएगा। इस योजना के तहत वार्ड 25 व 24 के लोगों को पेयजल पहुंचाने के लिए एक 1 हजार किलोलीटर वाली दो बड़ी पानी टंकी का भी निर्माण होगा।



हरिभूमि सरोकार

### साडा कार्यकाल के दौरान बना था वाटर प्लांट

साडा कार्यकाल के दौरान 2.72 एमएलडी वाटर सप्लाई प्लांट बनाया गया था। सालों से इस प्लांट में पानी का ट्रीटमेंट नहीं हो रहा है। इस प्लांट में भिलाई निगम द्वारा 77 एलएलडी वाटर फिल्टर प्लांट से पानी शुद्धिकरण कर भरना पड़ रहा है। यहां से इससे लगे क्षेत्रों में पानी सप्लाई हो रही है।

### इसलिए पानी की हो रही है लोगों को दिक्कत

निगम के 77 एलएलडी वाटर फिल्टर प्लांट से कुल 9 उच्च स्तरीय पानी टंकी में जल भरा जा रहा है। इसके अलावा इसी वाटर फिल्टर प्लांट से 15 वे वित्त आयोग से नवनिर्मित 4 उच्च स्तरीय पानी टंकी भी भरा जाना है। बारिश के दिनों में सायफन चोक होने और विद्युत बाधा आती है। जिसकी वजह से 77 एमएलडी वाटर फिल्टर प्लांट से पूरे शहर को पानी पहुंचाने में दिक्कतें आ रही है। मौजूदा हालात को देखते हुए 2.72 एमएलडी वाटर फिल्टर प्लांट से इस समस्या का निवारण के लिए योजना को मूर्त रूप दिया गया है।

### 40 साल पुरानी पानी टंकी ध्वस्त

योजना में 40 साल जर्जर पुरानी टंकी को ध्वस्त कर नया निर्माण किया जाएगा। वार्ड क्रमांक 25 हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में दो पानी टंकी बनाई जाएगी। इन पानी टंकियों की क्षमता 1 हजार किलोलीटर की होगी। दोनों पानी टंकी से वार्ड 24 और वार्ड 25 हाउसिंग बोर्ड के पूरे एरिया को शुद्ध पेयजल मिलेगा। वर्तमान में यहां खुर्सीपार क्षेत्र की पानी टंकी से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। जिसकी वजह से लोगों को पर्याप्त पेयजल नहीं मिल पाता। पेयजल के संकट से दोनों वार्ड के करीब 15 हजार आबादी को जूझना पड़ रहा है।

### शासन को योजना प्रेषित

"निगम की सामान्य सभा के प्रस्ताव पारित कर इसे राज्य शासन को भेज दिया गया है। वार्ड क्रमांक 25 में पुरानी जर्जर पानी टंकी हो ध्वस्त भी कर लिया गया है ताकि निर्माण जल्द ही शुरू किया जा सके। इस महत्वाकांक्षी योजना से शहरवासियों को गर्मी व बारिश में पानी की समस्या दूर हो सकेगी।

-गिरवर बंटी साहू,
सभापति नगर निगम भिलाई

### बड़ी आबादी को मिलेगी राहत

"2.72 एमएलडी वाटर सप्लाई प्लांट बंद है। इसे शुरू करके वार्ड 25 और इससे लगे अन्य वार्डों में भी शुद्ध पेयजल पहुंचा सकेंगे। वर्तमान में यहां पानी की काफी समस्या है। इससे 77 एमएलडी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पर लोड भी कम होगा। जिससे पूरे शहरवासियों को समुचित पानी सप्लाई किया जा सके।

केशव चौबे,
प्रभारी जलकार्य विभाग नगर निगम भिलाई

### योजना पर होंगे कुल 10 करोड़ रुपए खर्च, जल्द शुरू होगा काम

योजना के हिसाब से 2.75 एमएलडी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में संपवेल बनाया जाएगा। पंप हाउस भी बनेगा। इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल वर्क होंगे। इस पर 363.34 लाख रुपए खर्च होने हैं। इसी तरह 2.72 एमएलडी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से शुद्ध पेयजल वार्ड के लोगों तक पहुंचाने के लिए पंप हाउस व संपवेल स्थल से मेन राइजिंग पाइप लाइन बिछानी पड़ेगी। वार्ड 25 में दो उच्च स्तरीय पानी टंकी बनाना है। इस कार्य के लिए 641 लाख रुपए का प्रावधान रखा गया है।

# 27 साल से फरार वारंटी को आरपीएफ ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सत्ताइस साल पुराने मामले में फरार चल रहे वारंटी को आरपीएफ ने गिरफ्तार कर न्यायलय में पेश किया गया। आरपीएफ दुर्ग प्रभारी संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि पुराने केस के स्थायी (पीएनबीडब्लू) वारंट आरोपी को सीहोर मध्य प्रदेश से गिरफ्तार कर जेल भेजा। आरोपी का नाम सिली निकेतन बैरागढ़ भोपाल दिलीप कुमार उमानारे को आरपीएफ ने स्थायी वारंट तामिली अभियान के तहत वरिष्ठ मंडल सुरक्षा द्वारा आरपीएफ ने टीम बनाई थी। दिलीप को स्थाई वारंट की गिरफ्तारी वारण्ट जारी किया गया था। वारंट की तामिली के क्रम मे पोस्ट प्रभारी संजीव कुमार सिन्हा के निर्देशन पर सउनि निरंजन, प्रधान आक्षक बी. राजौरिया, आरक्षक एसआर मीणा, आरक्षक अवनीश के साथ 5 जनवरी को वारंट में भोपाल पहुंची। वारंटी के पिता से सम्पर्क कर आरोपी दिलीप के बारे में जानकारी लिया। उन्होंने एमपी के सीहोर के अवनी ढाबा में कार्य करने की खबर दी। अवनी ढाबा सीहोर के पास आरोपी मिला। जिसे स्थायी वारण्ट को दिखाया। उसके बाद वारंट में दिये गये नाम व पता स्वयं का शिनाख्त होने के बाद पकड़कर लाया गया। न्यायालय रायपुर के समक्ष वारंटी को अग्रिम कानूनी कार्रवाई के लिए मूल वारंट समेत पेश किया गया।




# ठेकेदार और बीएसपी अधिकारी पर जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप के ठेकेदार द्वारा बिजली पोल में सुरक्षा के बिना ठेका श्रमिक को पोल पर चढ़ाया। अचानक श्रमिक जमीन में सीधे आकर गिर गया। घटना में शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोट आई। काम में लापरवाही बरतने पर ठेकेदार समेत बीएसपी अधिकारियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर 6 निवासी ललित कुमार चंद्राकर ने एसपी को लिखित में शिकायत किया। बीएसपी टाउनशिप में ठेकेदार शंकर दयाल सिंग द्वारा ललित कुमार चंद्राकर को जबरन बिजली पोल में चढ़ाकर काम कराया गया। लेकिन बिना सुरक्षा के लापरवाही पूर्वक काम कराने से श्रमिक सीधे जमीन पर गिर पड़ा। घटना 3 सितंबर 2025 की है। काम के समय बीएसपी प्रबंधक राज किशोर, दिलीप राणे, टिकेंद्र ठाकुर, अशोक साहू ठेकेदार शंकर दयाल सिंग, महिपाल देशमुख मौजूद थे। ठेकेदार व उक्त अधिकारियों ने जबरन बिजली पोल में चढ़ाया गया। बिना सेफटी बेल्ट हेलमेट गमबोट के पोल में चढ़ाया गया। हादसे में श्रमिक के कमर, दाहिने हाथ, पैर की हड्डी, टूट गई थी। काफी चोट लगा था जिसे उपचार के लिए सेक्टर 9 अस्पताल भेजा गया। जहां से ईएसआई अस्पताल लेकर गये थे। जहां से निजी अस्पताल में उपचार कराया गया। 4 माह के बाद भी किसी भी प्रकार का मुआवजा श्रमिक को नहीं दिया गया है।

### गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध रुप से गांजा बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जामगांव एम अमलेश्वर निवासी सोनई प्रजापति अपने घर में पलंग के उपर गांजा रखा हुआ था। आरोपी को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा है। आरोपी के पसा से गांजा 1.300 किग्रा 65 हजार रुपए का जब्त किया। इसके अलावा नगदी रकम 12 हजार 950 रूपया मिला है। कार्रवाई में अमलेश्वर टीआई अमलेश्वर बसंत कुमार बघेल समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

## पर्यावरण विभाग की जांच में प्रदूषण फैलाने का खुलासा

# प्रदूषण फैलाने वाली चार फैक्ट्रियों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले में पर्यावरण नियमों की अनदेखी करने वाले औद्योगिक संस्थानों पर पर्यावरण विभाग की अनुशंसा के बाद कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कार्रवाई की है। चारों फैक्ट्रियों को तत्काल बंद करने कहा गया है। जनदर्शन में मिली शिकायत के बाद इन उद्योगों की जांच की गई। जांच के बाद अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई। अकलोरडीह-जरवाय में संचालित मेसर्स आरडी एजेंसी (वेस्ट मटेरियल स्क्रीनिंग यूनिट) को भारी धूल और बिना अनुमति संचालन के कारण बंद करने का आदेश दिया गया है। जरवाय स्थित मेसर्स पंकज अग्रवाल (स्लैग क्रशिंग यूनिट) और मेसर्स टेथिस इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड पर भी नियमों के उल्लंघन के चलते कार्रवाई की गई है। कुम्हारी क्षेत्र अहिवारा रोड स्थित मेसर्स वैद्य फूड प्रोडक्ट्स में प्रदूषण नियंत्रण उपकरण न होने के कारण उसे भी बंद करने के आदेश दिए गए हैं।



छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल ने उक्त इकाइयों का औचक निरीक्षण किया था। जांच में गंभीर अनियमितताएं और प्रदूषण पाए जाने पर क्षेत्रीय कार्यालय, भिलाई द्वारा संबंधित इकाइयों को तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश जारी किया गया है। जल प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम, 1974 की धारा 33 क तथा वायु प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम, 1981 की धारा 31 क के तहत कार्रवाई की गई। साथ ही बिजली कंपनी को निर्देशित किया गया है कि इन इकाइयों के विद्युत कनेक्शन तत्काल विच्छेदित कर दिए जाएं। औद्योगिक संस्थान के मालिकों के विरुद्ध जल अधिनियम की धारा 41 और वायु अधिनियम की धारा 37 के तहत दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए गए हैं।



**खबर संक्षेप**

## विधानसभा के विकास कार्यों के लिए 57.30 लाख रुपए की स्वीकृति

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए जिले के दो प्रमुख विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल 57.30 लाख रूपए से अधिक की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित इन कार्यों के लिए वर्ष 2025-26 के आबंटन से राशि जारी की गई है। इस स्वीकृति के तहत दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 29.97 लाख रूपए और दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में विकास के लिए 27.33 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है। इन कार्यों के संपादन के लिए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दुर्ग और जनपद पंचायत दुर्ग को क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त किया गया है।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला 12 को

**दुर्ग।** आदर्श शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, जीई रोड पावरहाउस भिलाई में 12 जनवरी को सुबह 10 बजे से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला (पीएमएनएएम) का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला विभिन्न प्रतिष्ठित उद्योगों एवं कंपनियों में अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराने के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस मेले में 10वीं, 12वीं एवं आईटीआई उत्तीर्ण इच्छुक अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। अभ्यर्थियों को अपनी मार्कशीट, प्रमाण पत्र, रिज्यूम, आधार कार्ड सहित सभी आवश्यक दस्तावेज साथ लाने के लिए कहा गया है। आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भिलाई से प्राप्त जानकारी अनुसार उद्योग, प्रतिष्ठान वासलोह बीके कास्टिंग लिमिटेड लाइट इंडस्ट्रियल एरिया भिलाई के लिए मैकेनिस्ट, फाउंड्रीमैन, इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर व फीटर, आत्मनिर्भर रेसिडेंशियल कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड भिलाई के लिए ऑफिस आपरेशन, विष्णु केमिकल लिमिटेड लाइट इंडस्ट्रियल एरिया भिलाई के लिए फिटर व इलेक्ट्रीशियन, एक्मे आटोमेशन प्राईवेट लिमिटेड में इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर, फीटर व कारपेंटर, सिम्प्लेक्स कास्टिंग्स लिमिटेड आदि के लिए सभी ट्रेड के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं।

# रेल परियोजना के अधिग्रहण को लेकर किसानों ने खोला मोर्चा

### खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा रेल परियोजना को लेकर 18 जनवरी को बैठक में बनेगी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की प्रस्तावित खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा रेल परियोजना के विरोध में प्रभावित किसान लामबंद हो गए हैं। जिला प्रशासन और रेलवे अधिकारियों द्वारा खेतों में किए जा रहे भूमि सर्वे और चिन्हांकन की कार्यवाही पर किसानों ने गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए इसे तानाशाही करार दिया है।

किसानों का आरोप है कि प्रशासन द्वारा बिना किसी लिखित सहमति, उचित मुआवजा निर्धारण या पुनर्वास योजना के उन पर भूमि चिन्हांकन के लिए दबाव बनाया जा रहा है। 20 अगस्त 2025 को जिला प्रशासन द्वारा जारी एक आदेश के तहत ग्राम करगाडीह, पाउवारा, भानपुरी, बिरेझर बोरिगरका, चांदखुरी, चांगोरी, घुघसिडीह और खोपली की कृषि योग्य भूमि की खरीदी-बिक्री, खाता विभाजन और व्यपवर्तन पर अस्थायी रोक लगा दी गई है। किसानों का कहना है कि इस आदेश की आड़ में अब कलेक्टर दुर्ग के अधीनस्थ अधिकारी खेतों में जबरन घुसकर सर्वे करने की कोशिश कर रहे हैं।

### लिखित आश्वासन और मुआवजा निर्धारण पर अड़े किसान

इस मामले को लेकर किसानों ने बैठक की, जिसमें कहा गया कि प्रशासन लिखित आश्वासन दे, मुआवजा का निर्धारण करे। भुगतान और पुनर्वास की जानकारी लिखित रूप में दी जाए। प्रभावित परिवारों के सदस्यों के लिए रेलवे में स्थायी रोजगार की स्पष्ट नीति बने। विधिवत अधिसूचना और सहमति तक भूमि पर लगी सभी जैसे(बोरवेल, घर, पेड़, कुआ,बाड़ी)आदि सर्वे कार्य पर तत्काल रोक लगाई जाए। प्रक्रिया भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 के तहत हो।



### नियम-कायदों का किया जा रहा उल्लंघन, बर्दाश्त नहीं

किसान नेता ढालेश साहू ने कहा कि बिना किसानों की लिखित सहमति और मुआवजा तय किए सर्वे व चिन्हांकन कराना संविधान के अनुच्छेद 300-ए और भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 का खुला उल्लंघन है। जमीन किसानों की आजीविका है और कानूनन प्रक्रिया पूरी किए बिना किसी भी तरह का दबाव स्वीकार नहीं किया जाएगा। यह हमारे जीवन एवं आजीविका के अधिकार (अनुच्छेद 21) पर भी हमला है। जब तक प्रशासन हमारी जायज मांगें पूरी नहीं करता, हम एक इंच जमीन भी नहीं देंगे। 18 जनवरी को किसान मजदूर अधिकार सभा आयोजित ग्राम चंदखुरी में सामूहिक मजबूत निर्णय लिया जाएगा।

### बिजली कंपनी का प्लान : दुर्ग जिले को मिलेंगे 8 नए सब स्टेशन

# 385 करोड़ से बिछेगा सब स्टेशनों का जाल, लो वोल्टेज से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में निर्बाध बिजली आपूर्ति और लो वोल्टेज की समस्या से निपटने के लिये राज्य सरकार और विद्युत विभाग ने मास्टर प्लान तैयार कर लिया है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 385.39 करोड़ रूपये की लागत से नये सबस्टेशनों का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। इस भारी निवेश से न केवल शहरी क्षेत्रों बल्कि ग्रामीण और औद्योगिक इलाकों में भी बिजली की तस्वीर पूरी तरह बदल जायेगी।

विद्युत क्षमता बढ़ाने के लिए जिले में अलग-अलग क्षमता के सबस्टेशनों का निर्माण किया जा रहा है। सबसे बड़ा निवेश अहिवारा और कुम्हारी क्षेत्र में हो रहा है। अहिवारा में 86.11 करोड़ और कुम्हारी में 86.70 करोड़ तथा लिटिया में 61.54 करोड़ रुपए की लागत से 220 केव्ही क्षमता के अतिरिक्त उच्च दाब सबस्टेशन बनाये जा रहे हैं। इनसे बड़े औद्योगिक क्षेत्रों और आस-पास के दर्जनों गांवों को फायदा होगा। अहिवारा सबस्टेशन से अहिवारा सहित गोढ़ी, मोहंदी, नंदनी पथरिया, बीएसपी माइन्स, नंदिनी, गिरहोला सबस्टेशनों एवं आसपास के क्षेत्र तथा कुम्हारी में सबस्टेशन बनने से कुम्हारी सहित, ढाबा, खारुन ग्रीन एवं चरोदा सबस्टेशनों सहित आसपास के क्षेत्रों को फायदा मिलेगा।

### आईआईटी भिलाई, पाटन, जामगांव में बनेंगे सब स्टेशन





### 15 वर्षों की मांग को ध्यान में रखकर इंफ्रास्ट्रक्चर किया जा रहा तैयार

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खण्डेलवाल ने कहा की इन परियोजनाओं के पूर्ण होते ही दुर्ग जिला प्रदेश के सबसे मजबूत विद्युत ग्रिड वाले जिलों में शुमार हो जायेगा। आने वाले 10 से 15 वर्षों की संभावित मांग को ध्यान में रखकर यह इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा है।

### यहां तैयार हो रहा सबस्टेशन

जामगांव आर में 45.40 करोड़ रुपए, अण्डा में 54.42 करोड़ रुपए और आईआईटी जेवरा सिरसा में 44.98 करोड़ रूपये कुल 144.80 करोड़ की लागत से उच्चदाब 132/33 केव्ही सबस्टेशन तैयार किये जा रहे हैं। आईआईटी जेवरा सिरसा में सबस्टेशन बनने से शैक्षणिक परिसर, जेवरा सिरसा एवं आसपास के क्षेत्र तथा जामगांव आर सबस्टेशन से दक्षिण पाटन क्षेत्र को भी लाभ मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्र में बिजली व्यवस्था सुधारने के लिये ग्राम माटरा में 2.95 करोड़ एवं ग्रीन वैली भिलाई में 3.29 करोड़ रुपए की लागत से 33/11 केव्ही सबस्टेशनों का निर्माण किया जा रहा है।

### ट्रांसफार्मरों पर लोड होगा कम

नये सबस्टेशनों के बनने से ट्रांसफार्मरों पर लोड कम होगा और उपभोक्ताओं को समुचित वोल्टेज के साथ बिजली मिलेगी। फॉल्ट होने की स्थिति में अब वैकल्पिक लाईनों से सप्लाई तुरंत बहाल की जा सकेगी। अहिवारा और कुम्हारी जैसे क्षेत्रों में उद्योगों के साथ-साथ कृषकों की बिजली की मांग पूरी होगी, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। जेवरा सिरसा क्षेत्र में सबस्टेशन बनने से शिक्षा और शोध कार्यों में बिजली की बाधा दूर होगीस जिससे छात्रों को बड़ी राहत मिलेगी।

# कातुलबोर्ड में 1 करोड़ की लागत से 15 जगहों पर बन रही सड़कें



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने मंगलवार को वार्ड 59 कातुलबोर्ड का भ्रमण कर क्षेत्र की जनता से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने वार्डवासियों की समस्याएं सुनीं तथा विकास से जुड़ी आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा की।

- मंत्री ने किया जनता से संवाद, सुनी समस्याएं

वार्ड 59 भ्रमण के दौरान वार्डवासियों ने क्षेत्र में सीमेंटीकरण सड़क एवं नाली निर्माण की मांग करते हुए खराब सड़क के कारण आवागमन में आ रही समस्याओ की जानकारी दिए थे, जिस पर मंत्री गजेन्द्र यादव ने नागरिकों की मांग को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को शीघ्र इस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए और वार्ड में आवागमन को बेहतर बनाने 01 करोड़ की राशि की स्वीकृति कराये और यादव पारा, लोहार पारा, हरि नगर, रजत होम्स गली 1, मुस्कान पैलेस के सामने, हैरिटेज स्कूल सहित 15 स्थान पर सीमेंटीकरण सड़क निर्माण किया जा रहा है जो जल्द ही पूर्ण हो जाएगा। शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में दुर्ग शहर को विकसित बनाने हेतु निरंतर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। शासन की प्राथमिकता है कि विकास कार्य जनआवश्यकताओं के अनुरूप हों और उनका लाभ सीधे आम नागरिकों तक पहुंचे।

उन्होंने आगे कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में जनता से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना सरकार की कार्यशैली का अहम हिस्सा है। वार्ड 59 कातुलबोर्ड के विकास के लिए सभी आवश्यक कार्य चरणबद्ध तरीके से कराए जाएंगे। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, द्वारिका यादव सहित वार्ड के अनेक गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# पीएम आवास के 24 हितग्राहियों को तोहफ़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में तैयार आवास गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए बड़ी राहत बनकर सामने आ रहे हैं। गणपति विहार, सरस्वती नगर और मां कर्मा बोरसी साइट पर तैयार फ्लैटों का आवंटन लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया गया, जिसमें कुल 24 हितग्राहियों का चयन किया गया। इन आवासों की बड़ी विशेषता यह है कि मात्र 3.30 लाख रुपये में पक्का, सुंदर और सुरक्षित घर उपलब्ध कराया जा रहा है।

- योजना का उद्देश्य जरूरतमंदों को पक्की छत उपलब्ध कराना

लगभग प्रत्येक माह प्राप्त आवेदनों की लॉटरी निकाली जाती है, जिससे पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी बनी रहती है। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार, आयुक्त सुमित अग्रवाल, लोककर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर और सहायक अभियंता संजय ठाकुर मौजूद रहे। खुली लॉटरी में हितग्राहियों ने स्वयं अपनी पर्ची निकालकर फ्लैट का चयन किया।

लॉटरी के बाद महापौर ने कहा कि योजना का उद्देश्य हर जरूरतमंद को पक्की छत उपलब्ध कराना है और निगम प्रशासन पूरी निष्ठा से कार्य कर रहा है। महापौर अलका बाघमार व आयुक्त सुमित अग्रवाल ने बताया कि आने वाले महीनों में भी और पात्र हितग्राहियों के लिए लॉटरी जारी रहेगी। सम्पूर्ण राशि जमा करने के बाद हितग्राहियों को आधिपत्य (कब्जा) पत्र प्रदान किया जाएगा।

# कॉलेज में नो हेलमेट नो एंट्री अभियान की शुरुआत, छात्रों को किया जागरूक

**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने नो हेलमेट नो एंट्री अभियान की विधिवत शुरुआत की गई है। इस अभियान के अंतर्गत बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन से महाविद्यालय परिसर में प्रवेश पूर्णतः वर्जित किया गया है।



उल्लेखनीय है कि 1 से 31 जनवरी तक आयोजित सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह के निर्देशानुसार यह अभियान प्रारंभ किया गया है। अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा हेलमेट उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

इस क्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनकर ही दोपहिया वाहन चलाने एवं महाविद्यालय में प्रवेश करने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रतिदिन महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर चेकिंग व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा सभी से सड़क सुरक्षा नियमों के पालन में सहयोग की अपील की गई है।

# महापौर ने वार्ड-19 का किया निरीक्षण, सफाई कार्य में लापरवाही पर कर्मियों को दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



नगर निगम महापौर अलका बाघमार ने सुबह आयुक्त सुमित अग्रवाल एवं एमआईसी देव नारायण चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, वार्ड पार्षद रंजीता पाटिल, सुरूचि उमरे, अरुण सिंह, मंडल अध्यक्ष मनमोहन शर्मा और उपअभियन्ता पंकज साहू,स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद, अतिक्रमण विभाग चंदन शर्मा सहित अमला की टीम के साथ शहर के पटरी पार वार्ड क्रमांक 19 तितुरडीह क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया।

तड़के सुबह शुरू हुए इस निरीक्षण के दौरान महापौर ने सड़क, नालियों,तथा गलियों में घूमकर साफ-सफाई की वास्तविक स्थिति देखी। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर गंदगी, कचरा एकत्र होने और समय पर उठाव न होने नालियों सफाई न होने की शिकायतें मिलीं। इस पर महापौर अलका बाघमार व आयुक्त सुमित अग्रवाल ने नागरिकों से उनकी समस्या से रूबरू होकर संबंधित अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करने और निर्धारित समय पर सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुबह की सफाई सबसे महत्वपूर्ण है, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

महापौर ने नालियों के किनारे जमा झाड़ियों को काटने, नालियों की नियमित तल तक सफाई कराने और मुख्य मार्गों पर गंदगी न होने देने के निर्देश अधिकारियों को दिए। महापौर अलका बाघमार ने स्वस्थ्य विभाग टीम अमला को यह भी कहा कि जिन वार्डों में शिकायतें अधिक मिलती हैं, वहां विशेष निगरानी रखी जाए।

### उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा मंगलवार की सुबह पहुंचे बीजेपी कार्यालय, ली बैठक

# मनरेगा से बेहतर है विकसित भारत जी राम जी योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा मंगलवार की सुबह अचानक बीजेपी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण विकास के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम 2025 लाया गया है, जो देश के गांवों को विकसित बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

यह अधिनियम किसानों, मजदूरों और गरीबों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने याद दिलाया कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद प्रधानमंत्री ने संसद में अपने पहले भाषण में ही स्पष्ट किया था कि उनकी सरकार गरीबों के नाम समर्पित रहेगी और उसी भावना के अनुरूप घर-घर बिजली, शौचालय, आवास और जनधन खाते जैसी ऐतिहासिक योजनाएं लागू की गईं। इस अवसर पर मंत्री गजेंद्र यादव, अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, पुरुषोत्तम देवांगन, विधायक ललित चंद्राकर, डोमन लाल कौर्सेवाड़ा, जितेंद्र वर्मा, महापौर अलका बाघमार, शिव चंद्राकर, सहकारी बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, राजा महोबिया मौजूद थे।

### अधिनियम अधिक उन्नत और प्रभावी साबित होगा

उन्होंने कहा कि विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम मनरेगा योजना का उन्नत और अधिक प्रभावी रूप है और कई मायनों में इससे बेहतर है। मनरेगा में जहां 100 दिनों का रोजगार मिलता था, वहीं अब इस अधिनियम के तहत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के सुनिश्चित रोजगार की कानूनी गारंटी मिलेगी। इससे मजदूरों की आमदनी में स्वाभाविक रूप से बढ़ोतरी होगी। मजदूरी भुगतान अब सात दिनों के भीतर किया जाएगा। यदि निर्धारित समय सीमा में भुगतान नहीं होता है तो विलंबित भुगतान पर अतिरिक्त राशि मजदूर को दी जाएगी, जिसे मजदूरी पर ब्याज की तरह माना जा सकता है। इससे मजदूरों को न्याय मिलेगा और भुगतान में देरी जैसी पुरानी समस्याओं का समाधान होगा।




### बुवाई व कटाई के समय कार्य रोके जा सकेंगे

उन्होंने कहा कि खेती-किसानी के कार्यों को सुरक्षित रखने के लिए भी अधिनियम में महत्वपूर्ण प्रावधान किया गया है। बुवाई और कटाई के समय 60 दिनों तक कार्य रोके जा सकेंगे, ताकि किसानों को पर्याप्त मजदूर उपलब्ध हों और कृषि गतिविधियाँ प्रभावित न हों। इससे ग्रामीण पलायन भी रुकेगा और कृषि उत्पादन को स्थिरता मिलेगी। मनरेगा में पहले फर्जी मास्टर रोल, मशीनों के उपयोग और धांधली की शिकायतें मिलती थीं, जिन्हें यह नया अधिनियम स्वतः समाप्त करेगा। पारदर्शिता बढ़ेगी और वास्तविक मजदूरों को सीधे लाभ मिलेगा। यह अधिनियम ग्रामीण विकास में क्रांतिकारी परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेगा।

### जल संरक्षण, नदी-नालों के संवर्धन, कटाव रोकने में होगा सहायक

उन्होंने कहा कि विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम के अंतर्गत चार प्रमुख क्षेत्रों पर विशेष फोकस किया जाएगा। जल सुरक्षा, ग्रामीण अधोसंरचना, आपदा सुरक्षा और आजीविका संवर्धन। जल संरक्षण, नदी-नालों के सुधार, कटाव रोकने तथा सिंचाई संरचनाओं के विकास जैसे कार्य प्राथमिकता से कराए जाएंगे। अधिनियम के माध्यम से कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और कौशल विकास जैसी गतिविधियों को भी मजबूती मिलेगी। ग्रामीण स्तर पर रोजगार एवं सतत आय के नए अवसर सृजित होंगे।

## विभिन्न समितियों का किया गया सम्मान

**भिलाई।** गुरु घासीदास सेवा समिति, सेक्टर-6, भिलाई नगर द्वारा बाबा गुरु घासीदास की 269वीं जयंती के भव्य तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके संचालन के लिए भिलाई सतनामी समाज विभिन्न सेक्टर एवं सुपेला, रिसाली क्षेत्र के विभिन्न समितियों के सहयोग से जयंती किया गया। इन सभी समितियां को गुरु घासीदास सेवा समिति धन्यवाद व आभार प्रकट करने के लिए सतनाम भवन प्रांगण पर आयोजित किया गया। जिसमें सभी समितियां उपास्थित रहीं। इस सम्मान व आभार के कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष बीएल कुर्रे, डॉ. एडी बनर्जी, डॉ. जीवन लाल घीडले, पूर्व अध्यक्ष आरडी देशलहरा, उपाध्यक्ष उर्मिला भास्कर, राज महंत जवाहर कौशल, टीआर कोसरिया, रामजी गायकवाड़ व अन्य वरिष्ठजन मौजूद रहे।

**न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग, दुर्ग (छ.ग.)**

**//सूचना//**

मामले का विषय-अपील प्रकरण
मामला का क्रमांक-53/अ-27/वर्ष 2024-25
पक्षकार-नीतराम साहू विरूद्ध आम जनता

**आम जनता**

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी नीतराम साहू पिता स्व. रतिराम साहू निवासी-सिकोला बस्ती वार्ड नं. 16 तह व जिला-दुर्ग के द्वारा अधीनस्थ न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला-दुर्ग के रा. प्र. क्र. 202311100400102 अ-27 वर्ष 2023-24 में पारित आदेश दिनांक 11.09.2024 के विरूद्ध छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा-44(1) के तहत अपील प्रकरण प्रस्तुत किया गया है।

उपर्युक्त मामले की सुनवाई तिथि 19.02.2026 दिन गुरूवार को दोपहर 11.30 बजे स्थान-न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग दुर्ग में होगी।

अतः सुनवाई तिथि में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। नियत सुनवाई तिथि में उपस्थित नहीं होने पर एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

जारी दिनांक: 27.11.2025

आयुक्त
दुर्ग संभाग, दुर्ग

**खबर संक्षेप**



### सेजस निकुम में स्कूली बच्चों ने खेल में दिखाई प्रतिभा

**निकुम।** स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंस हिंदी व इंग्लिश मीडियम निकुम के बच्चों ने स्कूल स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता में वाहवाही बटोरी। मुख्य अतिथि ग्राम निकुम सरपंच भागवत पटेल थे। अध्यक्षता पूर्व जिला पंचायत सदस्य माधव प्रसाद देशमुख ने की। स्कूली बच्चों ने दौड़, ऊंची कूद , गोला फेक, कुर्सी दौड़, कबड्डी, सहित कई खेलों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई।

**निधन**

### नाहरू राम साहू



**जामुल।** संतोषी चौक पुरानी बस्ती जामुल वार्ड 3 निवासी नाहरू राम साहू 85 वर्ष का निधन सोमवार को हो गया।उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को जामुल के स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे दूजे राम साहू एवं घनश्याम साहू के पिता थे।

### द्वारिका प्रसाद कामड़े



**भिलाई।** वार्ड 34 केम्प 2 वीर शिवाजी वार्ड बिहारी मोहल्ला निवासी द्वारिका प्रसाद कामड़े का निधन 5 जनवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे केजा बाई कामड़े के पति, राजकुमार कामड़े के पिता और कान्हा, नीरज, सौरभ, साक्षी, मौंटी, आर्या व रिमशा कामड़े के दादा थे।

### राधा गुप्ता



**भिलाई।** गुप्ता भवन वार्ड-15 रामनगर कोहका रोड निवासी राधा गुप्ता उम्र 80 वर्ष पति स्वर्गीय मोहन लाल गुप्ता का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 6 जनवरी को रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे मनोज और नितिन गुप्ता की मां थीं।

### सुभद्रा दुबे



**दुर्ग।** विद्युत नगर निवासी स्व. शेष नारायण दुबे डिघारी वाले की पत्नी सुभद्रा दुबे 75 वर्ष का निधन 6 जनवरी को हो गया। उनकी अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे जय प्रकाश दुबे की मां व आयुष दुबे की दादी तथा पत्रकार सुनील शर्मा की बड़ी बहन थीं।

### कृष्णा देवी दुबे



**अंडा।** पुलगांव दुर्ग वार्ड क्रमांक-55 निवासी कृष्णा देवी दुबे (80) का निधन 6 जनवरी की सुबह घर पर हो ग या । अं ति म संस्कार गृह पुलगांव के मुक्तिधाम किया गया। वे मनोज दुबे, बोरसी भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत दुबे की माता व मयंक, रजत, ऋषभ, नितिन, निरज की दादी थीं।

# धान खरीदी केंद्रों में फैली अव्यवस्थाओं से किसान परेशान

## किसानों ने पूर्व गृहमंत्री साहू को टोकन जारी नहीं होने की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

धान खरीदी केंद्रों में किसानों को हो रही समस्याओं का जायजा लेने मंगलवार को प्रदेश पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू पहुंचे। उन्होंने ग्राम तिरगा एवं ग्राम निकुम सहित आलबरस धान खरीदी केंद्रों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से बात कर समस्या को देख कर भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सुशासन की ढोल व राग अलाप रागने वाली किसानों की हितैषी बताने वाले मंत्री, विधायक कहां हैं। अन्नदाता का दर्द को सुनने वाली भाजपा नेता कहां हैं। शीत लहर व ठंड में खलिहानों में किसान रात रात भर अपनी धान फसल की बीते महीने भर से रखवाली कर रहे हैं, वहीं सुबह होते ही ऑनलाइन व ऑफलाइन धान बेचने रोज चक्कर काट रहे हैं। किसानों ने ताम्रध्वज साहू बताया कि उन्हें समय पर टोकन नहीं मिल पा रहा है, जिसके कारण धान बेचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि प्रशासन किसानों की समस्याओं के समाधान को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरे प्रदेश में किसानों को धान विक्रय के दौरान अनेक परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने तौल में भी गड़बड़ी की शिकायतों को गंभीर बताया। निरीक्षण के दौरान आमटी निवासी किसान पुरूषोतम चौधरी, दशरथ देशमुख खाडा ने बताया कि उसके धान है लेकिन तीसरा टोकन नहीं दिया गया है। जबकि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में किसानों का दाना-दाना धान खरीदा जाता था। वहीं उन्होंने खरीदी सीमा (लिमिट) बढ़ाने की मांग रखी। धान खरीदी की लिमिट कम होने के कारण ही किसान अपनी पूरी उपज नहीं बेच पा रहे हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।



### धान खरीदी केंद्रों में जारी नहीं हो रहा टोकन, किसान परेशान

पूर्व गृहमंत्री साहू ने कहा कि धान खरीदी केंद्रों में टोकन नहीं जारी किया जा रहा है। अभी वर्तमान में समिति में 31 जनवरी तक टोकन कट गया है जबकि हर समिति 200 से 4000से अधिक किसानों ने अब तक टोकन नहीं मिला है। निकुम में 400 किसानों को टोकन महीनों बाद भी टोकन नहीं मिल है। धान की कीमत का भुगतान 3217 रुपए प्रति क्विन्टल में करें, क्योंकि 3100 रुपए भाजपा ने अपने चुनावी वायदे में कहा था। केन्द्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रुपए बढ़ा दिया है। इस कारण इस वर्ष धान की खरीदी 3100 रुपए से बढ़ाकर 3217 रुपए किया जाए। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, देवेंद्र देशमुख, धरम दास साहू, तारा शर्मा, रूपेश देशमुख, दामिनी साहू सहित अन्य मौजूद थे

## अब तक नहीं हो पाई मरम्मत

# जर्जर सड़क की सुध नही ले रहा विभाग, ग्रामीण हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

लोकनिर्माण विभाग जामगांव आर के नवनिर्मित रेस्ट हाउस से महज 1 किलोमीटर दूरी पर से औरी धमना बासिन पहुंच मार्ग जर्जर है। यहां 5.60 किलोमीटर डामरीकृत सड़क में एक दर्जन से अधिक जगह पर गिट्टियां बाहर आ गई है। अनेकों जगह सड़क समतलीकरण नष्ट हो चुकी है। जिसकी मरम्मत पर लोकनिर्माण विभाग सुध नहीं ले रहा है जबकि यह सड़क जामगांव आर बेलहारी धमतरी मुख्य सड़क के साथ जुड़ी हुई है।



### औरी धमना बासीन सड़क यात्रा बनी कष्टप्रद,,,,

औरी के ग्रामीणों ने बताया कि सड़क में जगह जगह गिट्टी बाहर आ जाने से पैदल चलने वालो के पैर चोटिल हो जाते है सायकल मोटरसाइकल और वाहन वालों के टायर कटने लगे है जिससे ग्रामीणों को आर्थिक और मानसिक तकलीफ झेलनी पड़ रही है। सड़क पर गिट्टी बाहर आ जाने और अनेकों जगह सड़क बैठ जाने से इस सड़क की यात्रा कष्ट प्रद बन गई है। सड़क पर उत्पन्न इस समस्या से लोकनिर्माण विभाग अधिकारी अवगत है।फिर भी विभाग ना जाने क्यों गहरी निंद्रा में है समझ से परे है।

### त्वरित मरम्मत कराई जाएगी

लोकनिर्माण विभाग जामगांव आर अधिकारी संजीव कुमार गुहा ने कहा कि ठेकेदार को औरी धमना बासिन पहुंच मार्ग को मरम्मत करने कहा जा चुका है।प्राथमिकता के साथ हर हाल में सुगम यात्रा योग्य सड़क की मरम्मत त्वरित कराई जाएगी।

### सड़क की दुर्दशा से परिचित है विभाग

जनपद पंचायत पाटन के पदेन सदस्य एवं धमना सरपंच लोकेश महिलवार ने कहा कि वे इस मामले को जनपद की पिछली मीटिंग में उठाया गया था।किंतु सुव्यवस्थित यात्रा के अनुकूल सड़क नहीं बन पाया है अधिकारी जनता के दर्द को समझे। विभाग औरीं धमना बासिन सड़क पहुंच मार्ग की जर्जर हालत से परिचित भी है लेकिन सड़क को सुव्यवस्थित आवागमन के योग्य बनाने मे क्यों हिला हवाला कर रही है।यह आमजनता के लिए पहेली बनी हुई है।



### अनन्या को आर्टिस्टिक सिंगल योग में गोल्ड

**सेलुद।** सब जूनियर/ जूनियर/सीनियर राज्य स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन बीएसपी.सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-6 भिलाई में हुआ। मुख्य अतिथि दंतरोग विशेषज्ञ डॉ.योगेश जंघेल थे। अध्यक्षता वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. संजय जैन ने की। प्रतियोगिता में राज्य के अलग - अलग जिलों से 150 खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्गों में अपने योग कौशल का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में पाटन के 6 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें सब जूनियर बालिका आर्टिस्टिक सिंगल योग में अनन्या वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया 5+9 आयु वर्ग बालक ट्रेडिशनल योगासन प्रतियोगिता में खिलेन्द्र कुमार ने ब्रोंज मेडल प्राप्त किया। 9+14 आयु वर्ग बालिका आर्टिस्टिक पेयर में अंतरा साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। और ट्रेडिशनल योगासन में तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिसमे तीन खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता के लिए किया गया । कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय योग खिलाड़ी धीरेन्द्र कुमार वर्मा मुख्य प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित थे। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर डॉ. दिनेश चंद्रवंशी (जिला आयुष अधिकारी) गोस्वामी जयंत विष्णु भारती (छत्तीसगढ़ योगसन स्पोर्ट्स एसोसिएशन) डॉ.अनिता साहू,योग गुरु तुलाराम वर्मा,लालराम वर्मा, और संतोष यादव आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

## जागृति स्कूल के शासकीयकरण का करेंगे हर संभव प्रयासः यादव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

जागृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बटरेल में वार्षिक उत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने इस दौरान कहा कि शिक्षा के प्रति जागृति का प्रभावी लक्षण इस विद्यालय में दिख रहा है। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय के शासकीयकरण की मुख्य मांग सामने आई है। उन्होंने वादा किया कि जागृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बटरेल के शासकीयकरण का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

अध्यक्षता कर रही पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू ने भी संबोधित किया। वहीं पूर्व विधायक एवं स्कूल समिति अध्यक्ष डॉ दया राम साहू ने स्वागत भाषण में बताया कि यह 1968 से संचालित इस स्कूल के शासकीयकरण के कई प्रयास किए गए, अब मौजूदा शासन से उम्मीद है। आयोजन में विशेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य कल्पना नारद साहू जनपद पंचायत सदस्य अजय साहू , ग्राम पंचायत बटरेल के सरपंच एमन आठे और पद्मश्री राधेश्याम बारले मंचासीन थे। जागृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य टी के पिपरिया के मार्गदर्शन में बी के साहू, टी आर धनकर, जीके साहू, पी के साहू, पी एल ध्रुव, जी पी कोसरे, जयश्री चंद्राकार, योगिता देवांगन, हेमलता कतलम, हमेंद्र ठाकुर, सेवंत लाल सेन एवं पूर्व माध्यमिक शाला के समस्त शिक्षक एवम शिक्षिका का सराहनीय सहयोग रहा। स्कूल के विद्यार्थियों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। छत्तीसगढ़ के वनांचल क्षेत्र बस्तर से आदिवासी पोशाक में रिलो, कर्मा एवं पद्मश्री राधेश्याम बारले की पूरी टीम द्वारा पंथी नृत्य का बहुत ही मनमोहक प्रस्तुति रहा। बोर्ड परीक्षा एवम खेल कूद में प्रथम स्थान एवम दितीय स्थान प्राप्त विधार्थियो को सम्मान प्रदान किया गया। ग्राम पंचायत बटरेल सरपंच एमन आठे आभार किया।

## तहसील स्तरीय युवा महोत्सव 12 को






हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में तहसील साहू संघ पाटन के युवा प्रकोष्ठ की ओर से 12 जनवरी को मनाई जाएगी। इस भव्य 'युवा महोत्सव' का आयोजन साहू सदन (अटारी)पाटन में होगा। तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू और संगठन सचिव सुरेंद्र साहू ने इस संदर्भ में तैयारी बैठक में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि युवा महोत्सव में मुख्य अतिथि जितेंद्र साहू अध्यक्ष तेलगानी बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन होंगे। अध्यक्षता नंदलाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग करेंगे। मुख्य वक्ता दीपक ताराचंद साहू होंगे। विशिष्ट अतिथि सुनील साहू संगठन सचिव प्रदेश साहू संघ और कल्पना नारद साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग होंगे। प्रेरणादायक उद्बोधन के लिए देवेश साहू डिप्टी कलेक्टर, पालेश्वर साहू डिप्टी कलेक्टर और राजेश साहू डीएसपी उपस्थित रहेंगे। साथ में तीनो का सम्मान तहसील के द्वारा किया जायेगा। साथ ही पांचों परिक्षेत्र के अध्यक्ष का भी सम्मान होगा। इस दौरान भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया है जिसका नेतृत्व मधुकांत साहू करेंगे।



## रुआबांधा में विधायक ललित ने किया सतनाम भवन लोकार्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग ग्रामीण विधायक ने कहा हर समाज को प्रगतिशील होना चाहिए। इसके लिए समाज को मंत्रणा की आवश्यकता है। बैठने और रूपरेखा तैयार करने के लिए जगह होनी चाहिए। उन्होंने रूआबांधा में 10 लाख से बने सामाजिक भवन का लोकार्पण कर सतनाम समाज को समर्पित किया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित ने कहा कि समाज के पास अब खुद का भवन हो गया है। यह बेहद आवश्यक था। अब सतनाम समाज अपने छोटे व बड़े आयोजन इस जगह पर कर सकते है। लोकार्पण समारोह में पहुंचे विधायक का सम्मान सतनाम समाज के सदस्यों ने शाल भेंट कर किया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, राजू जंघेल , विधायक प्रतिनिधि गोविंद साहू, दशरथ साहू, राकेश त्रिपाठी, विष्णु शर्मा, प्रेम साहू आदि उपस्थित थे।

### समाज ने रखी मांग

समाज की ओर से प्रेम साहू ने दुर्ग ग्रामीण विधायक को मांग पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि खूबसूरत भवन में पानी और बाउंड्रीवाल की आवश्यकता है। इस पर विधायक ने हर संभव प्रयास का आश्वासन दिया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ने कहा कि बाबा जी ने मनखे मनखे एक समान का संदेश दिया। व्यसनों से दूर रहने उपदेश दिया। अगर व्यसन को हम पकड़े रहेंगे तो समाज आगे नहीं बढ़ेगा। इसलिए सर्व समाज को बाबा जी के संदेश और उपदेश को आत्मसात करना चाहिए।

## केडी पब्लिक विद्यालय के विद्यार्थी 7 वीं सीनियर नेशनल सेस्टोबॉल चैंपियनशिप में करेंगे राज्य का प्रतिनिधित्व



**दुर्ग।** 7 वीं सीनियर नेशनल सेस्टोबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 7 से 9 जनवरी 2026 तक बरेली, उत्तर प्रदेश में किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में के डी पब्लिक विद्यालय, दुर्ग के विद्यार्थियों का चयन होने से विद्यालय एवं जिले में हर्ष का माहौल है।

छत्तीसगढ़ राज्य की टीम का प्रतिनिधित्व करने हेतु के डी पब्लिक विद्यालय के कुल 9 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ियों में अंकिता कुमावत, नंदनी पटेल, शरण्या बघेल, ज्योति सिद्ध, चैतन्य साहू, मृदुल चंद्राकर, कशिश साहू, अमित कुमावत एवं आदित्य राज प्रकाश शामिल हैं।

विद्यालय के प्राचार्य श्री बिनोद कुमार ने बच्चों के राष्ट्रीय सिस्टोबॉल चैंपियनशिप में चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने आगे कहा कि विद्यालय हमेशा विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करता रहा है।

अंत में उन्होंने चयनित सभी खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि वे राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं राज्य का नाम रौशन करेंगें।

वहीं विद्यालय की खेल शिक्षिका तेजस्विनी निर्मलकर ने खिलाड़ियों की मेहनत और अनुशासन की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि ये खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, जिले एवं राज्य का नाम रोशन करेंगे।

विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों के चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे विद्यालय के लिए गर्व का विषय है कि हमारे विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपने राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रबंधन ने आगे कहा कि विद्यालय सदैव खेलों के साथ-साथ शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों को समान महत्व देता रहा है। चयनित खिलाड़ियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सही मार्गदर्शन एवं परिश्रम से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने चयनित सभी विद्यार्थियों को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## सामाजिक आयोजन में बोले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

# समाज एवं धर्म की आड़ में राजनीति कर रही भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन




पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा की साय सरकार को आड़े हाथों लेते हुए समाज एवं धर्म में राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने सभी समाज के पदाधिकारियों से अपील भी किया कि ऐसे नेताओं के चालचलन को भलीभांति समझे। गलत कार्यों का विरोध भी करें, समाज हित के लिए हमेशा आवाज बुलंद करते रहे। ढालसिंह धनकर जैसे सामाजिक बंधु हमेशा अपने समाज की मांगों को मंच में रखकर आने वाली पीढ़ी के लिए नए बीज बोए है,जिसका अनुसरण सभी पदाधिकारियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

मंच पर अध्यक्ष पोखन लाल पाल(पूर्व अध्यक्ष महासभा एवं सलाहकार धमतरी/पाटन राज), अशोक साहू विधायक प्रतिनिधि, राजेश ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस,रश्मिभेदप्रकाश वर्मा जनपद सदस्य,लीना सुरेश साहू (सरपंच,कौही), योगेश्वर साहू (अध्यक्ष मंदिर समिति कौही), सोहन जोशी जोन प्रभारी और भविष्य जैन सेक्टर प्रभारी मंचासिन थे।

इस अवसर पर शैलेन्द्र पाल (अध्यक्ष), ढालसिंह धनकर (अध्यक्ष),भेष आठे,रूपेंद्र शुक्ला,कमलेश नेताम,सीताराम ठाकुर,सत्यनारायण टिकरिहा, ईश्वर निषाद ,कामेश कश्यप सरपंच,हेमलाल सोनकर उपसरपंच,धनेश्वर देवांगन,द्रोपति साहू, पोखन पाल,पुरुषोत्तम धनकर,डा तुलाराम पाल,दुखुराम धनकर,जनक धनकर,सोहन पाल,विश्वकर्मा पाल, रामपाल, गोपाल,भूषण,गजेंद्र,कुंजू धनकर, रेखराम धनकर,हीरामन पाल, लोकेश्वरी, दुर्गा धनकर,पंचुपाल, महेंद्र, देवनाथ, खोरबाहरा, रवि, सेवक,खेमराज, गंगा,दीनदयाल, खिलावन,नारद पाल, लोकेश, लीलाधर,हरिराम,हरिश्चंद्र और सूरज धनकर सहित सामाजिक बंधु एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

**बिजनेस साइट**

## मानवीय पहलः हाइटेक हॉस्पिटल ने मृतक के परिजनों का किया आर्थिक सहयोग

**भिलाई।** एक विलक्षण घटना के तहत हाइटेक सुपर स्पेशालिटी हॉस्पिटल ने एक मृतक के परिजनों का आर्थिक सहयोग किया। मृतक के परिजनों ने अपनी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने की जानकारी देते हुए अस्पताल से सहयोग की अपील की थी। मृतक एक 26-27 साल का युवक था जिसे अत्यंत गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था।

घायल देवेन्द्र बाघ को 2 जनवरी को अस्पताल लाया गया था। सड़क हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। सिर खुल गया था। पहले उसे किसी और अस्पताल में ले जाया गया था पर मरीज की हालत अत्यंत नाजुक होने के कारण उसे वहां भर्ती नहीं किया जा सका। मरीज के परिजन तब उसे लेकर हाइटेक पहुंचे थे। हाइटेक में युवक की जान बचाने की पूरी कोशिश की गई। मरीज का काफी खून बह चुका था और मस्तिष्क में सूजन भी आ गई थी। पहले इस दबाव को कम करने का प्रयास किया गया। इसके बाद मरीज की सर्जरी कर दी गई। पूरी कोशिशों के बाद भी उसे बचाया नहीं जा सका और 5 जनवरी को उसकी मौत हो गई।

इस घटना के बाद उसके मित्रों और कुछ संगठनों ने अस्पताल में काफी हंगामा भी किया और नारे लगाए। पर पुलिस द्वारा उन्हें अस्पताल से खदेड़ दिया गया। इसके बाद मरीज के मामा अरक्षित तांडी एवं अन्य परिजनों के साथ बातचीत की गई। उन्होंने अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला दिया। इस पर अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा आपसी सहयोग से युवक के अंतिम संस्कारों के लिए सहयोग राशि उपलब्ध करा दी गई।

मृतक के मामाजी ने बताया कि जब उनके भांजे का कहीं इलाज नहीं हो रहा था तब हाईटेक ने न केवल उसे दाखिल किया बल्कि अंतिम समय तक पूरी कोशिश करते रहे। इलाज में कहीं कोई कमी नहीं थी पर भगवान को शायद यही मंजूर था। सहयोग राशि के लिए उन्होंने अस्पताल प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया।

## खबर संक्षेप

### एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र वालीबॉल प्रतियोगिता का चयन आठ को

**भिलाई।** एलॉय इस्पात संयंत्र द्वारा एसपीएसब अंतर इस्पात संयंत्र वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन एएसपी स्टेडियम, ए-जोन, स्टील टाउनशिप में 15 से 17 जनवरी तक किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम का चयन क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा की जा रही चयन स्पर्धा के माध्यम से किया जाएगा। चयन स्पर्धा का आयोजन 8 जनवरी को शाम 6:30 बजे से बीएसपी के वालीबॉल ग्राउंड, पंत स्टेडियम, सेक्टर-1 में किया जाएगा। बीएसपी कार्मिक, उनके परिवारजन और परिधीय क्षेत्र के बेरोजगार युवा खिलाड़ी इस चयन स्पर्धा में भाग ले सकते हैं। चयन स्पर्धा में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी अपना पंजीयन 6 बजे तक चयनकर्ता दीपक मित्रा अजय कुमार सोनी व ख्वाजा अहमद के पास करवा सकते हैं। प्रभारी उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक होंगे।

### नहीं रहे पूर्व भाजयुमो अध्यक्ष अनिल मिश्रा

**भिलाई।** भारतीय जनता युवा मोर्चा भिलाई के पूर्व जिलाध्यक्ष व वरिष्ठ नेता अनिल मिश्रा (अन्नू) नहीं रहे। उनका मंगलवार को सुबह 5 दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दोपहर रामनगर मुक्तिधाम में गमगीन माहौल में किया गया। जिला भाजपा सहित व्यवसायियों ने पार्टी में उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है।



स्मृतिनगर निवासी भाजयुमो भिलाई के पूर्व अध्यक्ष अनिल मिश्रा का 57 वर्ष की आयु में सुबह 5 बजे ह्दयगति थम जाने से निधन हो गया। वे विवेकानंद युव समिति के संरक्षक और सेक्टर 6 व्यापारी संघ के पूर्व सहसचिव के साथ विभिन्न संगठनों से जुड़े थे। वे आकाश मिश्रा के पिता और अविनाश मिश्रा के चाचा थे। उनका अंतिम संस्कार दोपहर मुक्तिधाम में शोकाकुल माहौल में किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं व व्यवसायायी आदि कई लोग शामिल हुए। दो दशक पूर्व भाजयुमो अध्यक्ष रहे स्व. मिश्रा ने पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय, पूर्व सांसद सरोज पांडेय और पूर्व विधायक विद्यारतन भसीन आदि वरिष्ठ नेताओं के साथ संगठन को मजबूत करने मे महती योगदान दिया। भाजपा के जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन सहित भिलाई के जन प्रतिनिधि, जिला पदाधिकारियों, मोर्चे व प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता और मंडल अध्यक्षों ने अनिल मिश्रा के निधन को संगठन व समाज के लिए अपूरर्णीय क्षति बताते हुए श्रद्धांजलि दी है।

## दस साल से ठंडे बस्ते में है योजना, फाइल चलाकर भूला नगर निगम

# अब तक नहीं बदली टाउनशिप के साप्ताहिक बाजारों की तस्वीर, नहीं बने पक्के चबूतरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

हाट बाजारों की तरह टाउनशिप के आधा दर्जन से अधिक साप्ताहिक बाजारों को विकसित नहीं किए जाने का खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। दस साल से अधिक समय से पसरा वालों के लिए चबूतरे निर्माण किए जाने की नगर निगम की योजना ठंडे बस्ते में पड़ी है। इससे व्यसायियों और खरीदारों को परेशानी हो रही है।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी टाउनशिप में सभी सेक्टरों में स्थाई मार्केटों के अलावा साप्ताहिक बाजार भी लगते हैं। नगर निगम भिलाई द्वारा दस साल पूर्व इन सभी साप्ताहिक बाजारों में हाट बाजार की तरह पसरा वालों के लिए पक्के चबूतरे निर्माण की योजना बनाई गई थी। निगम ने बीएसपी से एनओसी के लिए फाइल भी चलाई थी। लेकिन अब तक किसी भी साप्ताहिक बाजार में सब्जी आदि दुकानो के लिए चबूतरे नहीं निर्माण किए जान से लोगों को कई तरह की परेशानी हो रही है। व्यवसायियों ने बताया कि बरसात के मौसम और आवारा मवेशियों की सबसे बड़ी समस्या है। सभी बाजारों में चबूतरे जल्द बनाए जाएं।

**बारिश व आवारा मवेशियो की समस्या से मिलेगी निजात**



### पचास साल से लग रहे बाजार

टाउनशिप के विभिन्न सेक्टरों में आधा दर्जन से अधिक साप्ताहिक बाजार हैं। यह सभी मार्केट पिछले पचास साल से लग रहे हैं। बुधवार को सेक्टर 4 बोरिया बाजार, गुरुवार को सेक्टर 7, शनिवार - रुआबांधा, शुक्रवार सेक्टर 1 शनिवार रुआबांधा मार्केट और टंकी मड़ौदा मंगलवार व स्टेशन मड़ौदा में गुरुवार व रविवार को साप्ताहिक बाजार लगता है। इनमें सैकड़ों सब्जी व अन्य व्यवसायी जमीन पर पसरा लगाक सब्जी विक्रय करते हैं और शहर के हजारों लोग खरीदी करते हैं।

### आवारा मवेशी व बारिश से दिक्कत

सभी साप्ताहिक बाजारों में वर्षों से लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों ने बताया कि बारिश के मौसम में जमीन पर पसरा लगाकर सब्जी आदि बेचने से पानी भर जाता है। सब्जियां आदि सामान खराब होने के साथ ग्राहक भी बिदकते हैं। वही दूसरी ओर भारी कीचड़ व जल जमाव के चलते लोगों को भी खरीदारी के दौरान परेशानी होती है। आवारा मवेशी सब्जियों को नुकसान के साथ चोटिल भी करते रहते हैं।

### व्यावसायियों को हो रही दोतरफा परेशानी

व्यवसायियों ने बताया कि बरसात के मौसम में सबसे ज्यादा परेशानी होती है। सेक्टर 7 मैदान व रुआबांधा मार्केट आदि में घंटे दो घंटे बारिश होने से जलजमाव के साथ चारों तरफ कीचड़ फैला होता है। इससे सब्जियां और अन्य उपभोक्त सामान खराब हो जाता है। चबूतरे बन जाने से जमीन पर नीचे पसरा नहीं लगाना पड़ेगा। बाजारों में उत्पाद मचाने वाले आवारा मवेशियों से भी दुकानों की सब्जिओं को नुकसान नहीं होगा।

## निक्षय पोषण मित्र अभियान, बीएसपी ने की टीबी रोगियों को पोषण सहायता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) इकाई एम्स रायपुर द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र के सहयोग से एम्स रायपुर के सभागार में फूड बास्केट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीएसपी ने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत इस कार्यक्रम के लिए 5 लाख रुपये का योगदान प्रदान किया। इस अवसर पर बीएसपी के ईडी अजय कुमार चक्रवर्ती ने बीएसपी के योगदान व साझेदारियों को समाज के लिऐ आवश्यक बताया।

■ फूड बास्केट वितरण कार्यक्रम का आयोजन

कार्यक्रम में जेएलएन हास्पिटल के श्वसन रोग विभाग के प्रतिनिधि एवं एनटीईपी कोर कमेटी के नोडल अधिकारी डॉ. अतुल सी. अंजन ने भाग लिया।







## बीएसपी में सड़कों की करें मरम्मत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात मजदूर संघ के पदाधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को भिलाई इस्पात संयंत्र के सीजीएम श्री सतपति से मुलाकात कर संयंत्र में सुरक्षा को मजबूत करने की मांग की। सड़कों की मरम्मत और जाम की समस्या के जल्द समाधान करने कहा।

■ सीजीएमस से मिला बीएमएस

बैठक में यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि एचआरडीसी के बाजू में बाइक स्टैंड में रखने के बाद ठेका श्रमिकों एवं सुपरवाइजर के द्वारा पैदल अपोजिट दिशा में आने से जो संयंत्र के अंदर कार्मिक कार्य एवं बाइक से प्रवेश कर रहे हैं उस समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। ठेका श्रमिकों को आउट गेट के एक गेट से पैदल प्रवेश दिये जाने से सुविधा होगी।

उप महासचिव हरिशंकर चतुर्वेदी ने कहा कि संयंत्र के गेट के बाहर स्थिति और कठिन होते जा रही है। बायोमेट्रिक के कारण लोग आपाधापी में गाड़ियों की स्पीड बढ़ गई है और लगातार दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। पूर्व अध्यक्ष आईपी मिश्रा व उप महासचिव वशिष्ठ वर्मा ने कहा कि बोरिया गेट में फिर वही स्थिति निर्मित हो रही है पहले पुलिस कर्मियों के साथ सुरक्षा के व्यापक प्रबंध शुरुआत में हुए थे मगर फिर वही स्थिति बन रही है । संयंत्र के भीतर प्लेट मिल मोड़ पर धूल हटाने की मांग भी की गई।

## विधायक और महापौर ने 49.61 लाख के सड़क डामरीकरण का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 20 में विकास कार्यों को नया विस्तार देते हुए 49.61 लाख रूपये का सड़क डामरीकरण कार्य का भूमि पूजन हुआ। इस परियोजना के लिए मेसर्स टार कारपेट प्राइवेट लिमिटेड को कार्य आदेश किया गया है। वार्ड 20 शिव मंदिर से विजय तिवारी निवास के सामने तक, सिंधु भवन के सामने एवं त्रिकोणा पार्क के तीनों ओर की सड़कों का डामरीकरण किया जाएगा।

■ वैशालीनगर विधानसभा में हुआ भूमिपूजन

इस अवसर पर मुख्य रूप से वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन एवं महापौर नीरज पाल उपस्थित रहे। अतिथियों ने कुदाल चलाकर एवं श्रीफल फोड़कर कार्य का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में स्थानीय पार्षद स्मिता डोडके एवं अभिषेक मिश्रा विशेष रूप से मौजूद रहे।



### बुनियादी सुविधाएं हमारी प्राथमिकता : रिकेश

भूमि पूजन के दौरान विधायक रिकेश सेन ने कहा कि क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करना हमारी प्राथमिकता है। लंबे समय से स्थानीय निवासियों द्वारा इन सड़कों के डामरीकरण की मांग की जा रही थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। महापौर नीरज पाल ने निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि डामरीकरण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए और इसे समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए।

इस कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों सहित नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। स्थानीय निवासियों ने सड़क निर्माण की शुरुआत होने पर खुशी जाहिर करते हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### अतुल ने भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन से की भेंट



**भिलाई।** नई दिल्ली पहुंच भिलाई कैन डू पर्वत फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रदेश भाजपा नेता अतुल पर्वत ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से भेंटकर उन्हें नए दायित्व के लिए बधाई दी, साथ ही आशीर्वाद लिया। अतुल पर्वत ने कहा प्रदेश प्रभारी के रूप में नितिन के कुशल नेतृत्व, दूरदर्शिता और सतत परिश्रम ने छत्तीसगढ़ को संगठनात्मक दृष्टि से नई ऊंचाईयां प्रदान की।

## भिलाई ननि का अनोखा न्याय : गरीबों के लिए बुलडोजर, रसूखदारों के लिए क्लीन चिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

आम आदमी पार्टी ने भिलाई नगर निगम की हालिया कार्यप्रणाली पर कड़ा प्रहार करते हुए इसे 'अंधेर नगरी, चौपट राजा' की स्थिति करार दिया है। नगर निगम द्वारा सुपेला डी मार्ट के लिए भवन आधिकारिक पत्र का हवाला देते हुए पार्टी ने आरोप लगाया है कि निगम प्रशासन रसूखदारों के अवैध निर्माणों को संरक्षण दे रहा है, जबकि गरीब जनता पर जुल्म ढाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा।

### निगम ने खुद कबूला सच

हाल ही में नगर निगम द्वारा जारी पत्र(क्रमांक/सात/दो/भ.अ./2025/1851) में प्रशासन ने यह लिखकर खुद को ही कटघरे में खड़ा कर दिया है कि सुपेला में डी मार्ट उक्त स्थल पर वर्तमान में किसी भी प्रकार अवैध निर्माण नहीं किया जा रहा है। आम आदमी पार्टी के नेता जसप्रीत सिंह ने सवाल किया है कि अगर वर्तमान में निर्माण नहीं हो रहा, तो क्या निगम यह स्वीकार कर रहा है कि पूर्व में वहां अवैध अतिक्रमण हुआ था? यदि अतिक्रमण हुआ था, तो उस पर अब तक कोई दंडात्मक कार्रवाई क्यों नहीं हुई? क्या निगम की जिम्मेदारी सिर्फ निर्माण रुकवाने तक सीमित है, या कानून तोड़ने वालों पर जुर्माना और एफआईआर दर्ज करना भी उनका काम है?

### रसूखदारों पर मेहरबानी

वहीं जसप्रीत सिंह ने निगम पर तंज कसते हुए कहा कि भिलाई में कानून की दो परिभाषाएं चल रही हैं। नेहरू नगर से लेकर खुर्सीपार तक गरीबों की झुग्गियों और ठेलों पर निगम का बुलडोजर 'गरजता' है, लेकिन जब बात डी-मार्ट जैसे बड़े व्यवसायिक संस्थानों के 85 फीट सरकारी जमीन पर कथित अतिक्रमण की आती है, तो बुलडोजर का टायर अचानक 'पंचर' हो जाता है। निगम का अमला रसूखदारों के सामने नतमस्तक नजर आ रहा है।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, बुधवार 7 जनवरी 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

**6 से 8 जनवरी तक प्री रोवर रेंजर जंबूरी केंद्रीय विद्यालय में**



## लाइव इवेंट

### सरयूपारीण ब्राम्हण समाज की बैठक में लिए महत्वपूर्ण निर्णय, अप्रैल में विमोचन



**भिलाई।** सरयूपारीण ब्राम्हण समाज भिलाई-दुर्ग क्षेत्र की बैठक समाज के ब्रह्म प्रकाश भवन स्मृति नगर में आयोजित की गई। बैठक में समाज के सभी कार्यकारणी सदस्य उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए समाज के महासचिव रामलखन मिश्र ने वर्तमान में समाज के भवन निर्माण के रेनोवेशन सहित अन्य गतिविधियों पर जानकारी दी।

समाज के अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्रा ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी समाज की पत्रिका ब्रह्म प्रकाश 2026 का विमोचन अप्रैल में किया जाएगा। जिसमें समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का विवरण समाज से लिया जाएगा, जो कि समाज के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। समाज द्वारा इस विषय को गंभीरता पूर्वक लेते हुए इस कार्य में जुटा है। समाज के सभी वो सदस्य जो अपने बच्चों के विवाह की दिशा में प्रयासरत हैं वे जल्द से जल्द अपने बच्चों की जानकारी समाज के महासचिव या कार्यलय मंत्री दिनेश मिश्र को देने की बातें कही।

प्रभुनाथ मिश्रा ने बताया कि 26 जनवरी के अवसर पर समाज के भवन में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा, जिसमें समाज के सदस्यों को उपस्थित रहने और समाज की सदस्यता को बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक के अंत में बांग्लादेश में लगातार हिंदू भाईयों की हत्या और दरिंदगी पर चर्चा कर घोर निंदा की और सरकार पर दबाव डाले ऐसी मांग की। मृत हिन्दू भाइयों के प्रति दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजली अर्पित की गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रभु नाथ मिश्रा, रामलखन मिश्र, सुभाषचन्द्र तिवारी, डॉ अखिलेश त्रिपाठी दिनेश मिश्र, विष्णु पाठक, रामविलास मिश्रा, संजय पाण्डे, चंद्र शेखर पांडे, कैलाश पाठक, नर्मदा प्रसाद मिश्र, आर के पांडे, मनीष पांडे, प्रदीप पाण्डे, शंकर चरण पांडे, सुनील मिश्र, वी एन पांडे, बैठक में उपस्थित थे।

## सिटी इवेंट

### सेवा कार्यों की पदाधिकारियों ने ली शपथ, आकांक्षा बनी अध्यक्ष



**दुर्ग।** लीनेस क्लब दुर्ग सिटी का शपथ ग्रहण का कार्यक्रम दुर्ग में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रश्मि अग्रवाल डिर्स्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट, शबाना नाज वाइस मल्टीपल प्रेसिडेंट द्वितीय मुख्य अतिथि रहे। शपथ अधिकारी पास्ट मल्टीपल प्रेसिडेंट मृदुला रोजिंदार ने क्लब के सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाया। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि रीज़न पर्ल की रीज़न ऑफिसर रश्मि लखोटिया मौजूद रहे। उनके द्वारा क्लब में शामिल हुए 3 नए सदस्यों सरिता मिश्रा, श्रुति तिवारी और कमलेश शर्मा को शपथ दिलाया गया। साथ ही क्लब की एरिया ऑफिसर हेमा टोंडर उपस्थित रही। कार्यक्रम में मंच संचालन रुचि सक्सेना द्वारा किया गया। विभा गुप्ता ने ध्वज वंदना पढ़ा। निवृतमान अध्यक्ष अनीता तिवारी ने सभी उपस्थित मेंबर्स और अतिथिओं का स्वागत करते हुए स्वागत भाषण दिया। सिंधु चंदेल और मंजू बरमेचा को परमानेंट प्रोजेक्ट के लिए सम्मानित किया गया। राजकुमारी तिवारी ने शपथ अधिकारी मृदुला रोजिंदार और पुष्पा पाण्डेय ने डिर्स्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट रश्मि अग्रवाल का जीवन परिचय पढ़ा। सभी अतिथियों द्वारा निरंतर अच्छे कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। शपथ लेने के बाद नई अध्यक्ष आकांक्षा मिश्रा ने अपने पद को स्वीकार करते हुए और पूरी निष्ठा के साथ, सभी मेंबर्स को साथ लेकर चलते हुए निरंतर सेवा कार्य करने के वचन के साथ स्वीकृति भाषण दिया। कोषाध्यक्ष रितु ठाकुर ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पुष्प मित्रा, सीमा गुप्ता, पद्मा मुखर्जी, अनीता मालू, पूर्णिमा गुप्ता, स्नेहलता साहू, लक्ष्मी चंद्राकर, उमा राय, दुर्गेश नंदिनी दुबे उपस्थित थे।



### लखन लाल साहू बने जिला साहू संघ दुर्ग के कार्यकारी अध्यक्ष

**भिलाई।** लखन लाल साहू को जिला साहू संघ दुर्ग के कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अध्यक्ष नंदलाल साहू ने लखन लाल साहू के लंबा सामाजिक अनुभव को ध्यान में रखकर यह नियुक्ति प्रदान की है। लखन साहू 1996 से वर्तमान तक साहू समाज में जिला और प्रदेश स्तर पर अपनी सेवा देते आ रहे हैं। वे जिला के संगठन सचिव,संयोजक, महामंत्री, उपाध्यक्ष, सलाहकार एवं प्रदेश स्तर पर संयुक्त सचिव,उपाध्यक्ष, महामंत्री जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं। लखन दुर्ग लोकसभा के पूर्व सांसद स्व ताराचंद साहू के निज सचिव के रूप लंबे समय तक सेवा दे चुके हैं। दुर्ग में प्राचार्य पद पर अपनी सेवा दे रहे हैं।



● युवाओं में सेवा, अनुशासन, नेतृत्व एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करने जंबूरी का आयोजन

# सशक्त युवा : विकसित भारत थीम पर प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर प्री जंबूरी, बुकलेट का हुआ विमोचन, आज ग्रैंड कैंप फायर

**भिलाई। सशक्त युवा-विकसित भारत थीम पर भारत स्काउट एवं गाइड छग के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ राज्य की प्रथम रोवर रेंजर जंबूरी का आयोजन 9 से 12 तक बालोद में किया जाएगा। जिसके पूर्व 6 से 8 जनवरी तक प्री रोवर रेंजर जंबूरी का आयोजन केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में सेवा, अनुशासन, नेतृत्व एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करने के लिए किया गया। तीन दिवसीय इस आयोजन में रायपुर, भोपाल, जबलपुर और कोलकाता चार रीजन के युवा शामिल हुए।**



### पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता डिप्टी डिविजनल कमिश्नर रवींद्र कुमार ने की। कार्यक्रम का संचालन करते हुए केंद्रीय विद्यालय क्वार्टर मास्टर डॉ. अजय आर्य ने आयोजन की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय विद्यालय में 6 से 8 तक आयोजित प्री प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी का आयोजन किया गया है जिसमें रायपुर, भोपाल, जबलपुर और कोलकात रीजन से बच्चे शामिल हुए है। समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों का पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए ग्रीन वेलकम किया गया और स्काउट गाइड परंपरा के अनुरूप स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया गया।



### रोवर-रेंजर जंबूरी युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम

मुख्य अतिथि रवींद्र कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि रोवर–रेंजर जंबूरी युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि विकसित युवा ही विकसित भारत की नींव होते हैं तथा स्काउट–गाइड आंदोलन युवाओं में अनुशासन, सेवा भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास करता है, जो राष्ट्र निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर वेन्यू डायरेक्टर एवं जिला आयुक्त उमा शंकर मिश्रा ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में इस ऐतिहासिक आयोजन का करना गर्व का विषय है और यह जंबूरी युवाओं को सकारात्मक दिशा देने वाला सशक्त मंच है।

### अनुभवी प्रशिक्षक रहे शामिल



कार्यक्रम के दौरान स्काउट संजीव कुमार वर्मा ने प्रशिक्षण टीम का स्वागत करते हुए उनका परिचय प्रस्तुत किया। प्रशिक्षण टीम में अजय कुमार यादव, प्रभु शंकर, सोसन लकड़ा, तिजराम चौहान, दानी दास गिरिया, दीपा सर्राफ, संजीव कुमार वर्मा, रविंदर पाल सेहमी, डॉ. अजय आर्य एवं रचना पाल सहित विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों से आए अनुभवी प्रशिक्षक शामिल रहे। सहायक आयुक्त ने छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना तथा उन्हें प्रेरित करते हुए कहा कि खुद पर विश्वास ही सफलता की पहली सीढ़ी है। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, अनुशासन और बेहतर कार्य करने का संदेश दिया।कार्यक्रम की सफलता के लिए उपायुक्त डिविजनल कमिश्नर पी. बी. एस. उषा, डिप्टी डिविजनल कमिश्नर रवींद्र कुमार, डिस्ट्रिक्ट चीफ कमिश्नर एस. आर. कुजूर, डिस्ट्रिक्ट कमिश्नर ग्लोरिया मिंज, उमा शंकर मिश्रा, स्काउट संजीव वर्मा और गाइड रविंद्र पाल सहमी सहित समस्त ऑर्गेनाइजिंग कमेटी, प्रशिक्षकों, क्वार्टर मास्टर, वेन्यू टीम और सहयोगी स्टाफ का आभार व्यक्त किया गया।



# रीजनल साइंस सेंटर का किया भ्रमण, फॉरेंसिक साइंस और अपराध जांच की प्रक्रिया को जाना

**भिलाई।** रुंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी, भिलाई के फॉरेंसिक साइंस विभाग के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर, रायपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह भ्रमण विज्ञान के

- **जनजातीय जीवनशैली व सांस्कृतिक गतिविधियों से अवगत हुए विद्यार्थी**



विभिन्न शाखाओं को फॉरेंसिक साइंस और अपराध जांच की प्रक्रिया से जोड़कर व्यावहारिक समझ विकसित करने के लिए किया गया था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने फन साइंस गैलरी, मेज़रमेंट गैलरी एवं रिसोर्सेज ऑफ छत्तीसगढ़ गैलरी का गहन अवलोकन किया और यह समझा कि सामान्य वैज्ञानिक सिद्धांत किस प्रकार अपराध अन्वेषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। फन साइंस गैलरी में प्रदर्शित इंटरैक्टिव मॉडल्स के माध्यम से गति, बल, घर्षण, संतुलन और प्रकाश जैसे भौतिक सिद्धांतों को समझाया गया। विद्यार्थियों ने जाना कि गलत मापन किसी भी जांच को भ्रामक बना सकता है, जबकि सटीक वैज्ञानिक मापन न्याय प्रक्रिया को मजबूत करता है। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने तारामंडल (प्लैनेटेरियम) और 3-डी विज्ञान थिएटर का भी अवलोकन किया।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने संग्रहालय में प्रदर्शित जनजातीय जीवनशैली, पारंपरिक आवास, औज़ार, हथियार, आभूषण, वेशभूषा और सांस्कृतिक गतिविधियों का अवलोकन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को फॉरेंसिक एंथ्रोपोलॉजी के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई। इस समग्र दृष्टिकोण से जांच प्रक्रिया अधिक सटीक, संवेदनशील और न्यायसंगत बनती है तथा विद्यार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक और व्यावहारिक संदर्भ में समझने का महत्वपूर्ण अवसर प्राप्त हुआ।

### युवा खिलाड़ियों का बढ़ाया मनोबल हुए कई रोमांचक मुकाबले, जीता मैच



**भिलाई।** आईटीआई ग्राउंड, जोन-1, खुर्सीपार भिलाई में भिलाई नगर निगम टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। वार्ड स्तरीय मुकाबलों में एचटीसी कंपनी के डायरेक्टर और सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू की अनुपस्थिति में सर्व समाज कल्याण समिति के सदस्य व पदाधिकारी सम्मिलित हुए तथा प्रतियोगिता में भाग ले रहे युवा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर उनका मनोबल बढ़ाया। इस दौरान कई रोमांचक मुकाबले देखने मिला। इस अवसर पर

- **आईटीआई ग्राउंड में क्रिकेट का किया गया आयोजन**

वार्ड पार्षद विनोद सिंह, सर्व समाज कल्याण समिति के महासचिव मलकीत सिंह, उपाध्यक्ष जोगा राव, शाहनवाज़ कुरैशी, कोषाध्यक्ष अनिल चौधरी, निर्मल सिंह निम्मे, रमन राव आदि उपस्थित थे।

**नव पदोन्नत प्राचार्य बेहतर परीक्षा परिणाम का ले संकल्प : विधायक**

कार्नर न्यूज

# 95 प्राचार्यों का सम्मान कर बेहतर परीक्षा परिणाम का लिया संकल्प, नए साल के कलेंडर का हुआ विमोचन

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस जिला दुर्ग द्वारा जिले में पदस्थ नव पदोन्नत प्राचार्यों का सम्मान समारोह संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग में आयोजित किया गया। इस दौरान 95 प्राचार्यों का सम्मान किया गया। साथ ही शिक्षक कांग्रेस के नए साल के कलेंडर का विमोचन भी किया गया।इस अवसर पर अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा, छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस एवं प्रांतीय संयोजक छत्तीसगढ़ प्रिंसिपल्स एसोसिएशन प्रांताध्यक्ष अनिल शुक्ला, संयुक्त संचालक शिक्षा आर एल ठाकुर, सीमा नायक सहायक संचालक, सुनील यादव, अतुल कामले, वरिष्ठ प्राचार्य जे पी पांडेय सहित अन्य शिक्षक प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती की वंदना कर की गई। अतिथियों का स्वागत शॉल और स्मृति चिन्ह भेंटकर शिक्षक कांग्रेस जिला दुर्ग के अध्यक्ष बेनी राम देवांगन, जिला संरक्षक मोहसिन अली एवं जिला पदाधिकारी संदीप दुबे, ईश्वर लाल सोनी, देवेंद्र वर्मा, पुष्पा जोशी, मंजू लकरा एवं भिलाई नगर अध्यक्ष होल साय वर्मा ने किया।




### विधायक ने बताया शिक्षकीय सेवा का अनुभव

विधायक डोमेनलाल कोर्सेवाडा ने कहा कि मैने चालीस वर्ष एक शिक्षक के रूप में शासकीय सेवा की है आज कठिन परिश्रम के कारण आज इस मुकाम तक पहुंचा हूं। आप सभी प्राचार्य बेहतर परीक्षा परिणाम का संकल्प ले ताकि हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं स्कूल शिक्षा मंत्री का गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का लक्ष्य हासिल हो। प्राचार्य जे पी पांडेय ने भी प्राचार्यों को संबोधित किया। कार्यक्रम संचालन व्याख्याता सरिता अग्रवाल और आभार प्रदर्शन मोहसिन अली ने किया। कार्यक्रम में दुर्ग जिले से उपस्थित 95 प्राचार्यों का सम्मान मुख्य अतिथि विधायक कोर्सेवाडा ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया। इस दौरान शिक्षक कांग्रेस के नए साल के कलेंडर का विमोचन भी किया गया।



### बेहतर परीक्षा परिणाम हो इसका रखें लक्ष्य

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित आर एल ठाकुर अपने उद्बोधन में कहा कि प्राचार्य बनने के बाद आपकी जिम्मेदारी बढ़ गई है आप एक संकुल प्राचार्य होने के कारण प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय का भी सतत निरीक्षण करें। प्रांताध्यक्ष अनिल शुक्ला ने कहा कि प्राचार्य पद पदोन्नत होने पर शासन ने आपके समक्ष कक्षा दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा के बेहतर परीक्षा परिणाम का लक्ष्य रखा है जिसे संकल्प के साथ पूर्ण करें। विगत दस वर्षों से लंबित प्राचार्य पदोन्नति में प्रदेश के मुख्यमंत्री के साथ साथ स्कूल शिक्षा मंत्री की महती भूमिका है।

## सिटी इवेंट

# 21 को मिला सेवानिवृत्त सम्मान समाज के अध्यक्ष बने जनकराम



**भिलाई।** कूर्मि भवन सेक्टर-7 में मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज भिलाई नगर का वार्षिक अधिवेशन मनवा कुर्मी क्षत्रिय महिला समाज और युवा विंग के साथ संयुक्त रुप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राज्यगीत के साथ की गई। इकाई अध्यक्ष कोमल धुरंधर ने स्वागत भाषण देते हुए सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

साल भर के गतिविधियों और कार्यों का प्रतिवेदन महासचिव राजेश वर्मा ने प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष सुधीर खिचरिया ने आय व्यय की जानकारी दी। महिला संगठन की अध्यक्ष रूपा वर्मा, महासचिव मधु वर्मा और युवा प्रतिवेदन युवा उपाध्यक्ष राजा वर्मा ने प्रस्तुत किया। मनवा कुर्मी समाज भिलाई के 21 सदस्यों को सेवानिवृत्त सम्मान और शिक्षा व अन्य क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त 9 छात्रों एवं सदस्य परिवार को प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया। इस अवसर पर ईश्वरी वर्मा, मीना वर्मा, एन.के.बंछोर, डॉ चित्रा वर्मा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उपाध्यक्ष आत्माराम नायक द्वारा आभार प्रदर्शन के बाद अध्यक्ष कोमल धुरंधर ने अपने कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा की। जनकराम वर्मा 112 मत से विजयी घोषित कर अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया और चुनाव अधिकारी द्वारा शपथ दिलाई गई। अधिवेशन का संचालन महासचिव राजेश वर्मा, आत्माराम नायक, डॉ. शालिनी वर्मा, मधु वर्मा, पीला राम वर्मा, विजय वर्मा और अजय वर्मा ने किया।



## 8वीं से 12वीं तक के बच्चों ने जाना कॉन्शियस और सबकॉन्शियस माइंड की शक्तियां

# सुबह का समय श्रेष्ठ, इसे न करें मिस, मैजिकल थॉट्स और बच्चों ने सीखा बैलेंस ऑफ लाइफ

भिलाई। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरी विश्व विद्यालय द्वारा रिसाली मैत्री कुंज स्थित प्रभु प्राप्ति भवन में क्लास 8वीं से क्लास 12वीं तक के बच्चों के लिए आयोजित मन की शक्ति से विजय कार्यक्रम में मोटिवेशनल स्पीकर एवं वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी प्राची ने बच्चों को चेतन मन यानी कॉन्शियस माइंड और अवचेतन मन यानी सबकॉन्शियस माइंड के शक्तियों के बारे में बताया। ब्रह्माकुमारी प्राची ने बच्चों को कॉन्शियस माइंड और सबकॉन्शियस माइंड के बारे में बताते हुए कहा कि चेतन मन हमारी जागृत अवस्था में कार्य करता है तथा दिन भर के हमारे द्वारा किए गए विचारों, बातों एवं प्रयासों को सेव करता है, लेकिन अवचेतन मन सबकॉन्शियस माइंड 24 घंटे कार्य करता है तथा हमारे सोने के बाद भी यह जागृत रहता है।





### सुबह का समय श्रेष्ठ इसलिए न करें मिस

अवचेतन मन रात को सोने से आधे घंटे पहले एक्टिव होना शुरू हो जाता है और सुबह उठने के आधे घंटे तक 100% एक्टिव रहता है, इस समय जो भी विचार हम अवचेतन मन सब कॉन्शियस माइंड को देंगे वह हमारे जीवन में फलिभूत होगा, इसलिए सुबह का समय किसी भी विशेष और शुभ कार्य के लिए बहुत श्रेष्ठ होता है चाहे वो पढ़ाई, श्रेष्ठ चिंतन या ध्यान के लिए हो।उस समय उसको जो विचार देंगे वह उस पर कार्य करना शुरू कर देता है। इसलिए रात्रि के सोने से पहले का आधा घंटा और सुबह उठने के बाद का आधे घंटे के विचार में इतनी शक्ति होती है कि वह हमारे जीवन को परिवर्तन कर सकता हैं जिसे हम चमत्कारिक विचार या मैजिकल थॉट्स कहते हैं।





### विश्वास के साथ प्रयास करना सबसे बेहतर

बीके प्राची ने उदाहरण देकर अपने विचार बताते हुए कि जैसे मैं पूरी तरह से स्वस्थ हूं, मैं परिस्थितियों से अधिक शक्तिशाली हूं, सफलता मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है, इन सबके लिए हमको विश्वास के साथ बिना डाउट के साथ प्रयास करना है। इन सभी बातों को बच्चों ने एकाग्रता एक्टिविटी बैलेंस ऑफ लाइफ बाल जीवन में संतुलन का महत्व, मेडिटेशन फन एक्टिविटी द्वारा अभ्यास भी किया। बीके प्राची ने ने बताया कि कभी कोई बात नीचे खींचेगी, डगमगायेगी, कभी कोई व्यक्ति, कभी कोई चीज कभी वायुमंडल ... यह तो होगा ही, इससे बचने के लिए एक सेकंड में सब विस्तार समाप्त हो जाये, एक साथ सभी स्थिति में स्थिर रहे, तब लक्ष्य रूपी सफलता की प्राप्ति होगी। क्यों, क्या क्वेश्चन को वहीं फूल स्टॉप लगाओ और आगे आगे बढ़ते रहने के टिप्स दिये। इस दौरान बच्चों ने मनोरंजक गेम्स के माध्यम से जीवन को आत्मविश्वास के साथ जीने के गुर भी सीखे।

## धर्म लाइव

# नेहरू आर्ट गैलरी में दिव्यांग बच्चों की प्रदर्शनी, दिखाई प्रतिभा



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नेहरू आर्ट गैलरी में, दिव्यांग बच्चों द्वारा निर्मित चयनित चित्रों की प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता ने किया। प्रदर्शनी में गोल्डन एंपथी फाउंडेशन, भिलाई द्वारा हुई चित्रकला प्रतियोगिता में दिव्यांग बच्चों द्वारा निर्मित चयनित चित्रों की प्रदर्शनी एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया है।

मुख्य अतिथि ने प्रदर्शनी में बच्चों की प्रतिभा की सराहना की। इस अवसर पर महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी, आफिसर्स एसोसिएशन के पूर्व महासचिव परविंदर सिंह, उप-महाप्रबंधक अपर्णा चन्द्रा और उप-प्रबंधक शालिनी चौरसिया सहित अलावा गोल्डन एंपथी फाउंडेशन से प्रदीप पिल्लई, सुभागा सुरेश, श मृदुला शुक्ला, प्रतिभा पटेल, मोनिका सिंह, श्री प्रकाश देशमुख, डॉ. ज्योति पिल्लई, श्री अजीत सिंह व राहुल चौरसिया आदि कलाकार भी उपस्थित थे। बाल-कलाकार तेजस रेड्डी और स्पन्दन सेनगुप्ता द्वारा गिटार और सिन्थेसाइज़र वाद्ययंत्रों पर सांगीतिक प्रस्तुति दी गयी ।



## श्रीमद् भागवत सप्ताह

# भले ही चूल्हा अलग हो, लेकिन परिवार के सभी सदस्य मिलकर भोजन करें

**भिलाई।** सत्यनारायण धर्मशाला न्यू खुर्सीपार में चल रही सर्व हिंदू समाज की श्रीमद् भागवत कथा में तीसरे दिन दिन कथावाचक महंत गोपाल शरण देवाचार्य महाराज ने भक्तों को श्रीमद्भागवत के गूढ़ रहस्यों से परिचित कराया। कथा के दौरान भगवान कपिल अवतार का सुंदर और भावपूर्ण वर्णन किया गया। महाराज ने बताया कि भक्ति के तीन स्वरूप होते हैं तामसी, राजसी और सात्त्विक। इनमें सात्त्विक भक्ति सर्वोच्च मानी गई है। उन्होंने संत नामदेव, नरसी जी, सूरदास, मीराबाई जैसे महान भक्तों का उदाहरण देते हुए बताया कि किस प्रकार इन संतों ने सात्त्विक भक्ति के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण को प्राप्त किया।कथा के दौरान महाराज ने कहा कि कोई भी धार्मिक अनुष्ठान किसी देवता को नीचा दिखाने के लिए नहीं, बल्कि आत्मिक शुद्धि और समाज कल्याण के उद्देश्य से किया जाना चाहिए। श्रीमद्भागवत





के पंचम स्कंध के प्रसंगों के माध्यम से उन्होंने भारतीय संस्कृति में कुटुंब व्यवस्था के महत्व को रेखांकित किया। महाराज ने भारतीय परिवार व्यवस्था पर गंभीर चिंतन करते हुए कहा कि भारत की पहचान उसकी संयुक्त परिवार परंपरा से रही है, लेकिन आज परिवारों में दूरी बढ़ रही है और सहयोग व समर्पण की भावना कमजोर हो रही है। उन्होंने समाज से आग्रह किया कि भले ही चूल्हा अलग हो, लेकिन परिवार के सभी सदस्य मिलकर भोजन करें, उत्सव साथ मनाएं, बच्चों को मंदिर ले जाएं और अपनी परंपराओं का पालन करें। कथा के अंतिम चरण में भगवान श्री नरसिंह अवतार का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान का प्रत्येक अवतार भक्तों के कल्याण और अधर्म के नाश के लिए ही होता है। कार्यक्रम के मुख्य यजमान शारदा तोताराम है। इस अवसर पर घनश्याम दास, विजय अग्रवाल,कमल अग्रवाल, संज्जू जायसवाल, शिव साहू, मनीष, संगीता अग्रवाल, प्रेमा गर्ग, उषा संगीता, सिरीश अग्रवाल, पवन अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## 25 को निकालेंगे रैली

# महिला मजदूरों ने सावित्री बाई फुले और फातिमा शेख को किया याद



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा मजदूर कार्यकर्ता समिति और मेहनतकश आवास अधिकार संघ के तत्वावधान में औद्योगिक क्षेत्र की महिला मजदूरों द्वारा सामाजिक न्याय और शिक्षा की प्रतीक सावित्रीबाई फुले और फातिमा शेख को याद किया गया।

कार्यक्रम में महिला मजदूरों ने बताया कि जिस प्रकार सावित्रीबाई फुले को शिक्षा जैसे महान कार्य करने के कारण सामाजिक प्रताड़ना झेलनी पड़ी और उन्हें घर से निकाला गया, उसी तरह आज महिला मजदूरों को सुरक्षा और पुरुषों के बराबर वेतन की मांग करने पर कार्यस्थल से निकाल दिया जाता है। यह आज के समाज की गंभीर विडंबना को दर्शाता है।

उन्होंने आगे कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में दर्जनों मजदूर बस्तियां वर्षों से बसी हुई हैं, लेकिन आज तक उन्हें स्थायी पट्टा नहीं मिला है। हर समय यह भय बना रहता है कि कब हटाने का नोटिस चस्पा कर दिया जाएगा और मजदूरों को उजाड़ दिया जाएगा।

कार्यक्रम में निर्णय लिया गया कि 26 जनवरी की पूर्व संध्या पर 25 जनवरी को औद्योगिक क्षेत्र में रैली निकाली जाएगी साथ ही शहीद अनुसुइया नगर में आम सभा आयोजित की जाएगी। इस दौरान बस्तियों के मजदूर एकत्रित होकर अपनी मांग रखेंगे। कार्यक्रम में सावित्री सोनी, शांति, सुमित्रा, लक्ष्मी, पुष्पा, निरा, गीता, मांग,मोहाल सिंह,जीतेन्द्र, असरफा, कंचन और कलादास डेहरिया सहित अनेक लोग शामिल हुए।

# श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ 16 से तेलीगुंडरा में, बहेगी भक्ति की बयार



**दुर्ग।** सनातन धर्म की अमूल्य धरोहर श्रीमद्भागवत में वर्णित भगवान श्रीकृष्ण एवं देवी रुक्मणि का पावन विवाह केवल एक ऐतिहासिक या पौराणिक घटना नहीं, बल्कि यह भक्त और भगवान के बीच अटूट विश्वास, पूर्ण समर्पण तथा धर्म की विजय का शाश्वत संदेश है। यह प्रसंग दर्शाता है कि जब भक्त निष्कपट भाव से प्रभु को पुकारता है, तब स्वयं भगवान धर्म की रक्षा हेतु सभी बंधनों को तोड़कर भक्त के मान-सम्मान की रक्षा करते हैं। कथा का संपूर्ण बखान 16 जनवरी से तेलीगुंडरा में होने जा रहा है। 16 से 23 जनवरी तक सांस्कृतिक कला मंच में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान कथा वाचिका के रूप में गरिमादेवी शर्मा उपस्थित रहेंगी। भागवत आश्रम लिमतरा के संत निरंजन महाराज और लिमतरा आश्रम के संत नारायण महाराज के संरक्षण में यह श्रीमद् भागवत कथा आयोजित की जा रही है। परायणकर्ता विजय पांडेय होंगे।

## पार्श्वनाथ तीर्थ नगपुरा में शिक्षकों का सम्मेलन, गुरु पद्धति में साध्वी श्री ने रखे विचार

# आदर्श व्यक्ति हमेशा समाज की उन्नति और तरक्की के लिए सोचते हैं, ऐसे व्यक्तित्व का नेतृत्व टीम को लेकर चलता है साथ

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** उवसग्गहरं पार्श्वतीर्थ नगपुरा में मेटस विश्वविद्यालय रायपुर के शैक्षणिक सेवा दल का आगमन हुआ। इस दौरान विश्वविद्यालय द्वारा विद्वत मिलन समारोह का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के लगभग 250 से अधिक प्रोफेसर, व्याख्याता, शिक्षकगणों ने तीर्थपति श्री उवसग्गहरं पार्श्व प्रभु के दर्शन कर वंदन किया। साथ ही भजन से जुड़कर परमात्मा भक्ति का लाभ लिया। तीर्थ परिसर में संचालित पार्श्व गौ सेवालय में हरा चारा-गुड़-फल अर्पित कर गौ सेवा की गई। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गजराज पगारिया, कुलपति डॉ. केपी यादव, रजिस्ट्रार गोविन्दानंद पंडा, प्रबंध संचालक प्रियेश पगारिया के नेतृत्व में तीर्थ के प्रवचन सभागृह में धर्मसभा का आयोजन हुआ। धर्मसभा को साध्वी लक्ष्ययशा ने मंगलाचरण के साथ प्रारंभ किया। धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्याख्यात्री लब्धियशा ने कहा कि श्रमण भगवान महावीर स्वामी ने श्रद्धा-ज्ञान-और आचरण को शाश्वत सुख का मार्ग बताया है। सम्यक दर्शन सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र ही मोक्ष मार्ग का साधन है।



### देहरी पर रखे दीपक की तरह सम्यक ज्ञान का प्रकाश

साध्वी श्री ने कहा कि तीनों के केन्द्र में ज्ञान को श्रेष्ठ स्थान में रखा गया है। ज्ञानस्य फलं विरति अर्थात जिस तरह से देहरी पर रखा हुआ दीपक चौखट के अंदर और बाहर दोनों ओर को प्रकाशित करता है, वैसे ही सम्यव ज्ञान से सम्यक दर्शन और सम्यक चारित्र परिपक्व होती है। भारतीय शिक्षा पद्धति में पहले गुरुकुल होता था। और गुरुकूल में कुलपति और कुलाधिपति का पद होता था। आज विश्वविद्यालय में होता है। जहां गुरु की छत्रछाया में शिष्यों का समूह ज्ञान प्राप्ति करते थे। वह गुरुकुल होता था।



### आदर्श व्यक्ति समाज की उन्नति और तरक्की के लिए सोचते हैं

उन्होंने कहा कि आदर्श व्यक्ति समाज की उन्नति और तरक्की के लिए सोचते हैं। एक आदर्श नेतृत्व पूरी टीम को साथ लेकर चलता है। उनकी क्षमता अनुसार सेवा लेता है। मेटस विश्वविद्यालय द्वारा तीर्थ यात्रा के साथ सत्संग और धर्म की बातें, ज्ञान की परिचर्चा के लिए आज विद्वत-मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह एक प्रकार से भारतीय संस्कृति की गुरुकुल परम्परा का अनुकरण है, जो प्रशंसनीय है। इस विश्वविद्यालय से बहुमुखी प्रतिभाओं का विकास हो। यहां के विद्यार्थी एक अच्छे नागरिक बनकर राष्ट्र की सेवा करें।

## सिटी स्पोर्ट्स

### अंडर-15 क्रिकेट में यति के नाबाद 78 रन



**रायपुर।** बी सी सी आई की ओर से महिला अंडर-15 वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 02 जनवरी से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का तीसरा मैच मंगलवार को इंदौर में केरल अंडर-15 टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ अंडर-15 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। केरल ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 35 ओवरों में 6 विकेट खोकर 113 रन बनाए। केरल की शुरूआत अच्छी रही, प्रारंभिक बल्लेबाज इवाना शानी ने 38 रन बनाये तथा पहले विकेट के लिये 21 रन की साझेदारी की। लेक्षिदा जायन ने 26 रन तथा शिवानी ने नाबाद 13 रन बनाए। छत्तीसगढ़ अंडर-15 टीम के सभी गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन किया तथा केरल के बल्लेबाजों को रन बनाने से रोके रखा। छत्तीसगढ़ की ओर से पलक सिंह ने 2 विकेट, अभिलाषा बारा तथा संतोषी बाई ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। 114 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ अंडर-15 की टीम ने 21.4 ओवरों में 4 विकेट खोकर 116 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। छत्तीसगढ़ की ओर से प्रारंभिक बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी करते हुये तेज गति से रन बनाये तथा अपना विकेट बचा के रखा। यति शर्मा ने 60 गेंदों में 13 चौको की मदद से नाबाद 78 रन बनाये, साथ ही गीत डहरिया ने 21 रनों का योगदान दिया। केरल की ओर से आर्य नंदा ने 2 विकेट लिए। छत्तीसगढ़ ने मैच 6 विकेट से जीत लिया।

### विजय मर्चेन्ट ट्रॉफी में अर्शवीर ने बनाए 73 रन



**रायपुर।** बी सी सी आई की ओर से मेंस अंडर-16 विजय मर्चेन्ट मल्टी डे ट्रॉफी का आयोजन 07 दिसंबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का प्री-क्वार्टर मैच (04-07 जनवरी) बड़ोदरा में असम अंडर-16 टीम के विरुद्ध खेला गया। तीसरे दिन असम-अंडर 16 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 50.4 ओवरों में 10 विकेट खोकर 124 रन बनाये।छत्तीसगढ की ओर से अर्शवीर सिंह भाटिया ने 29 रन तथा उज्जवल सिंह मरकाम ने 28 रनों का योगदान दिया। उनके अतिरिक्त अरहम नाहर ने 15 रन बनाये। असम की ओर से नित्रिक राज ने 5 विकेट तथा प्रिंस बोरा ने 3 विकेट प्राप्त किये। असम ने अपनी पहली पारी में 153.2 ओवरों में 10 विकेट खोकर 406 रन बनाए। असम की ओर से अमन यादव ने सर्वाधिक 108 रन बनाये। उनके अतिरिक्त सुरजित सैकिया ने 66 रन बनायें, निहाल बैश्य ने 54 रन तथा सुभाष विश्वास ने 51 रन बनाये। छत्तीसगढ की ओर से अरहम नाहर तथा यर्थाथ सिंह चैहान ने 3-3 विकेट लिए। तीसरे दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ ने अपनी दूसरी पारी में 51.2 ओवरों में 10 विकेट खोकर केवल 188 रन ही बनाए। छत्तीसगढ की ओर से अर्शवीर सिंह भाटिया ने 73 रन तथा प्रतीक गंधर्व ने 36 रन बनाये। वहीं असम की ओर से नित्रिक राज ने तथा दिग्विजय ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। असम ने मैच एक पारी तथा 94 रनों से जीत लिया।

### विजय हजारे ट्रॉफी में रवि ने लिए 3 विकेट



**रायपुर।** बीसीसीआई द्वारा सीनियर मेंस विजय हजारे वनडे ट्रॉफी 2025 का आयोजन पिछले माह 24 दिसंबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का छठवां मैच मंगलवार को जयपुर में महाराष्ट्र सीनियर टीम के विरुद्ध खेला गया। महाराष्ट्र ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। मैदान गीला होने के कारण मैच 31 ओवरों का खेला गया। छत्तीसगढ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 29 ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर केवल 166 रनो का स्कोर बनाया। छत्तीसगढ की ओर से आयुश पांडे ने 49 रन बनाये। इनके अतिरिक्त विकल्प तिवारी ने 22 रन तथा अजय मंडल ने 19 रनों का योगदान दिया। महाराष्ट्र की ओर से प्रदीप दाधे तथा विक्की ओस्तवाल ने 3-3 विकेट लिये। 167 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी महाराष्ट्र 31 ओवरों में 8 विकेट खोकर केवल 160 रन ही बना पायी। महाराष्ट्र की ओर से अर्शिन कुलकर्ना ने 67 रन तथा सिद्धेश वीर ने 23 रन बनाये। कप्तान ऋतुराज गायकवाड ने 22 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ टीम की ओर से रवि किरण ने 3 विकेट प्राप्त किये वहीं अजय मंडल ने भी 2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ ने मैच 6 रनों से जीत लिया।

### कुश्ती की लेवल वन कोच बनी संतोषी



**दुर्ग।** संतोषी चंद्राकर 200 कैंडिडेट के मध्य कुश्ती में लेवल वन कोचिंग कोर्स सफलता पूर्वक टॉप 10 स्थान हासिल करते हुए पूरा करने में कामयाब रही है। संतोषी ने यह स्थान भारत वर्ष के 200 कुश्ती कोच के बीच बनाया।

मौसम के अनुकूल आपके शरीर का होना चाहिए व्यवहार

# सर्दियों की रात में भी आ रहा है पसीना तो हो जाएं सावधान, इन गंभीर बीमारियों का हो सकता है खतरा

ठंड के दिनों में असामान्य रूप से पसीना निकलना सेहत के लिए खतरे की घंटी की तरह है, जिसे आपको भूलकर भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। शरीर का तापमान सामान्य बनाए रखने के लिए पसीना निकलना बेहद जरूरी है, लेकिन वहीं बहुत अधिक पसीना आना सेहत के लिए ठीक नहीं है। खासकर बिना शारीरिक मेहनत या ठंड के दिनों में असामान्य रूप से पसीने का निकलना सेहत के लिए खतरे की घंटी की तरह है। जैसे कि अगर आप सर्द रातों में भी पसीने से सराबोर हो जाते हैं, तो ये आपके लिए हेल्थ अलर्ट हो सकता है।

असल में रात में अचानक पसीने का निकलना, एक नहीं कई सारी शारीरिक समस्याओं का संकेत हो सकता है। आपको बता दें कि रात के वक्त अचानक से पसीना आना जहां किसी तरह के शारीरिक परिवर्तन का संकेत हो सकता है तो वहीं यह कुछ घातक बीमारियों का लक्षण भी हो सकता है। इसलिए अगर आपके साथ कुछ ऐसा हो रहा है तो आपको इसकी वजह जरूर जाननी और समझनी चाहिए।



### दिल की बीमारियां

रात में सोते वक्त आपके कपड़े और चादर पसीने से सराबोर हो जाते हैं और इसकी वजह से नींद खराब होती है तो आपको इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। असल में रात में अचानक से पसीना आना और धड़कन बढ़ना, आपके दिल की खराब सेहत का स्पष्ट लक्षण हो सकता है। इसके लिए आपको अपना मेडिकल परिक्षण जरूर कराना चाहिए ताकि आप हार्ट स्ट्रोक जैसी समस्याओं से बच सकें।

### कैंसर की संभावना

रात में अचानक से पसीना आना, कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी का भी संकेत हो सकता है। आपको बता दें कि ब्रेस्ट कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर और कॉर्सिनॉइड ट्यूमर होने की स्थिति में शरीर से अधिक पसीना निकलता है। वहीं ल्यूकेमिया जैसी ब्लड कैंसर की घातक स्थिति में भी व्यक्ति को रात में तेज पसीना निकलता है। इसलिए आपको इसे भूलकर भी हल्के में नहीं लेना चाहिए।

### संक्रामक रोग



रोगों के संक्रमण के दौरान भी शरीर से अधिक पसीना निकलने के समस्या पेश आती है। दरअसल, संक्रमण काल में शरीर रोग से लड़ने की पूरी कोशिश करता है, जिसके चलते शरीर का तापमान बढ़ जाता है और ऐसे में बॉडी से तेजी से पसीना निकलता है। इसलिए अगर आप सर्दी-जुकाम जैसे आम संक्रमण से गुजर रहे हैं तो आप इसे हल्के में ले सकते हैं। पर अगर लंबे वक्त तक समस्या बनी रहे तो आपको ध्यान देना चाहिए कि कहीं आप किसी गंभीर संक्रामक बीमारी से ग्रसित तो नहीं हैं?

### लो ब्लड शुगर

लो ब्लड शुगर की स्थिति में भी अधिक पसीना




निकलने की समस्या होती है। इसलिए अगर बिना वजह रात में सोने के दौरान पसीना आ रहा है तो आपको अपना शुगर लेवल जरूर चेक कराना चाहिए। दरअसल, हाइपोग्लाइसीमिया यानि शरीर में ब्लड शुगर का स्तर बहुत कम होने के कारण शरीर से तेजी से पसीना निकलता है। वहीं अगर समय पर इसका उपचार न मिलें तो पीड़ित व्यक्ति को बेहोशी और दौरे पड़ने की समस्या हो सकती है।

### मेनोपॉज के दौरान

महिलाओं में मेनोपॉज के दौरान शरीर से अधिक पसीना निकलने की समस्या आती है। दरअसल, मेनोपॉज के वक्त शरीर कई तरह के हार्मोनल बदलाव से गुजर रहा होता है, जिसके कारण शरीर से असामान्य रूप से पसीना निकलता है। इन सभी शारीरिक परिस्थितियों और बीमारियों के अलावा अधिक तनाव, स्मोकिंग, गलत खान-पान के कारण भी शरीर से अत्यधिक पसीना निकलता है।



## रात्रिक़ालीन कायस्थ प्रीमियर लीग में शानदार मुकाबले

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कायस्थ समाज की ओर से रात्रिक़ालीन प्रदेश स्तरीय कायस्थ प्रीमियर क्रिकेट लीग का आयोजन जारी है। जिसमें रायपुर के अलावा दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, धमतरी, बिलासपुर, बेमेतरा, कोटा, महासमुंद और डोंगरगढ़ की टीम सम्मिलित हो रही हैं।

शुक्रवार से शुरू हुए इस टूर्नामेंट में चार टीमें सेमीफाइनल में पहुँच चुकी हैं भानु इलेवन भिलाई और टाइटंस पहले ही सेमीफाइनल में पहुँच चुकी है। मंगलवार को पहला मैच टिंबरलैंड वॉरियर्स और चित्रांश सुपर किंग्स के बीच में खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाज़ी करते हुए सीएसके ने 111 रन छह विकेट के नुक़सान से निर्धारित दस ओवरों में बनाए। इसके जवाब में टिंबरलैंड वारियर्स की टीम सिर्फ़ 110 रन ही बना पाई। इस तरह सीएसके ने यह मैच 1 रन से जीत लिया। टीम के आदर्श को उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार दिया गया। लेकिन रन रेट के आधार पर टिंबरलैंड वारियर्स सेमीफाइनल में पहुँचनेवाली तीसरी टीम बनी। उसके बाद दूसरा मैच द ब्रह्मा बॉयज़ और चित्रांश सुपर किंग्स के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए द ब्रह्मा बॉयज ने निर्धारित दस ओवरों में 97 रन बनाए इसके जवाब में सीएसके की टीम मात्र 45 रन ही निर्धारित ओवरों में बना पाई और 52 रनों से मैच हार गई। विशु ने शानदार गेंदबाज़ी करते हुए चार विकेट लिए इसीलिए उन्हें मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार दिया गया। रन रेट के आधार पर द ब्रह्मा बॉयज़ सेमीफाइनल में पहुँचने वाली चौथी टीम बनी।

समिति के द्वारा इस साल भी महिलाओं का टूर्नामेंट का



आयोजन स्वर्गीय आशा श्रीवास्तव स्मृति में किया गया है। जिसमें चार टीमों के बीच एक एक मैच खेला गया। जिसमें टीम जैस्मिन ने टीम मेरीगोल्ड को हराकर फाइनल में प्रवेश किया तथा टीम सनफ्लावर ने टीम ट्यूलिप को हराकर फाइनल में प्रवेश किया । दोनों ही टीमों के बीच फाइनल गुरुवार को खेला जाएगा। सभी महिला प्लेयरों को स्वर्गीय श्रीमती आशा श्रीवास्तव जी की स्मृति में ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा।

दोनों सेमीफाइनल मैच बुधवार 07 जनवरी को खेले जाएँगे और फाइनल गुरुवार 08 जनवरी को खेला जाएगा। इसके अलावा समाज के बच्चों जिनकी उम्र सात वर्ष से 15 वर्ष के बीच है, के लिए भी कायस्थ प्रीमियर लीग जूनियर प्रतियोगिता का आयोजन स्वर्गीय सुदीप खरे की स्मृति में किया जा रहा है जिसमें टीम पृथ्वी ने टीम अग्नि को हराकर तथा टीम आकाश ने टीम वायु को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल गुरुवार 8 जनवरी को खेला जाएगा। सभी खिलाडियों को स्वर्गीय सुदीप खरे की स्मृति में ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जायेगा आयोजन समिति की ओर से राहुल श्रीवास्तव प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कायस्थ समाज युवा प्रकोष्ठ एवं अन्य सदस्यों ने समाज के सभी वरिष्ठ जनों महिलाओं एवं युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सभी खिलाडियों का उत्साह बढ़ाने के लिए निवेदन किया है।

इन मैचों में प्रतिदिन समाज के प्रमुख लोग उपस्थित होकर सभी खिलाडियों का मनोबल बढ़ा रहे हैं। इनमें प्रमुख रूप से रज्जन श्रीवास्तव संरक्षक छत्तीसगढ़ कायस्थ समाज, प्रमोद खरे प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कायस्थ समाज, प्रदीप वर्मा, पी के वर्मा, दिवाकर सिन्हा, डॉ मनीष श्रीवास्तव, रायपुर जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, अभिषेक सक्सेना, अमित वर्मा, विश्वासु श्रीवास्तव, वैदूर्य निगम, शुभम्, रौनक़, महिला विंग से उषा रंजन श्रीवास्तव, अमृता श्रीवास्तव, मंगला श्रीवास्तव, छाया खरे, ज्योति खरे, डॉ सीमा श्रीवास्तव, सारिका वर्मा, अनुषा श्रीवास्तव और नेहा श्रीवास्तव, इत्यादि शामिल है।



## कपूर के साथ मिलाकर जलाएं किचन की ये 3 चीजें, आर्थिक तंगी में मिलेगी राहत

कपूर का इस्तेमाल पूजा-पाठ में विशेष रूप से किया जाता है। ऐसा माना जाता है कि घर में कपूर जलाने से खुशहाली बनी रहती है और नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। कपूर एक ऐसी सामग्री है जिसे सकारात्मकता से जोड़ा जाता है और यह घर की किसी भी बुरी शक्ति को दूर करने में मदद करता है। वास्तु के अनुसार जब आप कपूर जलाते हैं तो इसका धुआं सभी देवी-देवताओं को आकर्षित करने में मदद करता है।

### कपूर के साथ लौंग जलाएं

घर में रात के समय यदि आप कपूर और लौंग एक साथ जलाती हैं तो यह घर के आस-पास की हवा को शुद्ध करने में मदद करता है। यह नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने में मदद करता है और कपूर की सुगंध मन और शरीर पर शांत प्रभाव डालती है। ऐसा माना जाता है कि कपूर वास्तु दोषों को दूर करने के लिए एक शुभ सामग्री है। कपूर और लौंग को एक साथ जलाने से आपके घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश तो होता ही है और यदि आपका पैसा किसी गलत जगह पर फंसा हुआ है तो इसे बाहर निकालने में मदद मिलती है। अगर आपका धन बिना वजह खर्च होता है और आपको इसका कारण भी पता नहीं लग पा रहा है तो आप एक बर्तन में शाम के समय कपूर के साथ 5 लौंग जलाएं और कपूर की आरती करें। इससे आपके जीवन की समस्याएं दूर होती हैं। कपूर की सुगंध आस-पास की हवा को शुद्ध करती है जिससे मन, शरीर और आत्मा को शांति मिलती है। अगर आपके घर में किसी भी तरह के वास्तु दोष हैं तो आप कपूर के साथ 11 लौंग जलाएं, इससे दोषों से मुक्ति मिलती है और घर में खुशहाली आती है।



### कपूर के साथ तेजपत्ता मिलाकर जलाएं

वास्तु की मानें तो यदि आप कपूर के साथ तेज पत्ते मिलाकर जलाते हैं तो यह बहुत शुभ वातावरण बनाने में मदद करता है। यदि आप किसी समस्या को भगाना चाहते हैं तो तेज में उस समस्या को लिखें और कपूर के साथ उसे जला दें, इससे समस्याओं से मुक्ति मिल सकती है। यदि आप कपूर के साथ तेज पत्ता जलाती हैं तो ये हवा में कई बैक्टीरिया की ख़त्म करके हवा को शुद्ध करता है और वातावरण को भी शुद्ध बनाए रखने में मदद करता है। यदि आपकी शादी में समस्याएं आ रही हैं तो 5 तेज पत्ते कपूर के साथ जलाएं और अपनी मनोकामनाएं रखें। इससे जल्द ही आपकी मनोकामनाओं की पूर्ति हो सकती है। कपूर अपने शुद्धिकरण गुणों के लिए जाना जाता है और इसका उपयोग विभिन्न आध्यात्मिक और सफाई अनुष्ठानों के लिए किया जाता है। ऐसा माना जाता है कि कपूर जलाने से आसपास की ऊर्जा शुद्ध होती है, नकारात्मक ऊर्जा दूर होते हैं और इसे तेज पत्ते के साथ जलाने से अधिक सौहार्दपूर्ण वातावरण बनता है।

## इन जायकों के बगैर अधूरा है लोहड़ी का त्योहार



लोहड़ी का त्योहार वैसे तो मुख्य रूप से पंजाब में मनाया जाता है, लेकिन अन्य राज्यों में भी इसकी धूम दिखाई देती है। लोहड़ी के दिन लोग पारंपरिक तरीके से तैयार होते हैं। जिस तरह से बिना खाने के हर त्योहार अधूरा होता है, ठीक उसी तरह से इस त्योहार में खाने का भी काफी महत्व होता है। इस साल 13 जनवरी को लोहड़ी मनाई जाएगी. अगर आप भी इस लोहड़ी के त्योहार पर अपने घर मेहमानों को बुला रहीं हैं, तो उनके लिए पहले से ही कुछ पारंपरिक डिश तैयार कर सकती हैं। दरअसल, कुछ खाने के सामान ऐसे हैं, जिनके बिना लोहड़ी का त्योहार अधूरा सा लगेगा।

**गजक:** लोहड़ी का त्योहार गुड़, गजक के साथ मनाया जाता है। इन मिठाइयों के बिना लोहड़ी का असली स्वाद नहीं आता। ऐसे में पहले से ही त्योहार के लिए गजक तैयार करके रखें।

**तिल के लड्डू:**सर्दियों के मौसम में तिल खाने का रिवाज होता है। ऐसे में कोशिश करें कि पहले से ही त्योहार के लिए तिल के लड्डू तैयार करके रख लें। ताकि त्योहार वाले दिन आपको ज्यादा काम ना करना पड़े।

**मूंगफली:** भूनी हुई गर्म मूंगफली खाने का सर्दी में अलग ही मजा होता है। ऐसे में मूंगफली को अपने परिवार के लिए पहले से तैयार करके रख लें, ताकि आप सर्दियों में इसका आनंद ले सकें।

**गुड़ का हलवा :** अगर कुछ स्वादिष्ट और ऐसा बनाने का सोच रहे हैं, जो हेल्दी भी हो तो आप गुड़ का हलवा तैयार कर सकते हैं। सर्दियों में गुड़ खाने से शरीर को काफी फायदा मिलता है। ऐसे में लोहड़ी के दिन घी, सूजी, गुड़ और ड्राई फ्रूट्स से बना यह हलवा एक परफेक्ट डेजर्ट साबित होगा।

कार्नर न्यूज

जिम जा रहे हैं तो सही तरीका भी जानिए

## मसल्स वाली बॉडी बनाने में काम आ सकते हैं कुछ सीक्रेट टिप्स, आजमाएंगे तो दिखने लगेगा बदलाव

जिम जाकर खुद को फिट और बॉडी को बेहतरीन शेप देने की कोशिश कर रहे पुरुष सिर्फ अपनी बॉडी तो बनाना चाहते हैं लेकिन इसका सही तरीका नहीं जानते। इससे कई बार गलतियां कर बैठते हैं। ये वो गलतियां हैं जो आपकी घंटों की मेहनत को बेकार कर देती हैं। ये आपके मसल्स ग्रोथ को बेहतर होने ही नहीं देती हैं। हो सकता है आप भी जिम में पसीना बहाते हुए ऐसी ही गलतियां कर रहे हों। इन गलतियों को पहचान लीजिए और मसल्स ग्रोथ को बढ़ा लीजिए।

### लिफ्ट हों धीमे-धीमे

अक्सर कई पुरुष सोचते हैं कि बड़े मसल्स के लिए आपको भारी वजन जल्दी-जल्दी उठाना जरूरी होगा। लेकिन ऐसा नहीं है। आप भारी वजन उठाइए लेकिन धीरे-धीरे। दरअसल धीरे-धीरे किए गए रैप्स के साथ किसी खास मसल्स पर फोकस करना आसान हो जाता है। धीमे रैप्स के साथ मसल्स को उनके मोशन के फुल रेंज तक ले जाया जा सकता है। इसके साथ ग्रोथ और बेहतर और एक सी होती है



### भारी वजन के ज्यादा रैप्स

याद रखिए, आप अगर आपको मसल्स ग्रोथ बढ़ानी है तो भरी वजन उठाने के साथ इसके रैप्स भी ज्यादा करने की कोशिश करनी होगी। सुनिश्चित करें कि आप सही फॉर्म में वजन उठाएं। अगर आपको लग रहा है कि आप एक्सरसाइज का मोशन पूरा नहीं कर पाएंगे तो हल्का वजन ही उठाएं लेकिन एक्सरसाइज पूरी करें। लेकिन ये बात भी सही है कि ज्यादा वजन उठाने पर रैप्स ज्यादा नहीं हो पाते हैं। हालांकि आप भारी वजन के साथ 8 से 10 रैप्स ले सकते हैं। इसलिए इतना करने की तो कोशिश करें हीं।

### रिकवरी है जरूरी

याद रखिए, मसल्स ग्रोथ तब नहीं होती है जब आप जिम में मेहनत कर रहे होते हैं बल्कि ये तब होती है, जब मसल्स आराम कर रही होती हैं। किसी खास मसल्स ग्रुप की एक्सरसाइज करने के बाद इसे कम से कम 48 घंटे का आराम मिलना चाहिए। तब ये आसानी से रिकवर और ग्रो कर पाती हैं। इसके लिए टाइम टेबल बनाएं, जिसमें किसी खास मसल्स ग्रुप के लिए अलग-अलग दिन निश्चित किए गए हों। जैसे आपने सोमवार को लेग डे सुनिश्चित किया है तो अगली बार ये एक्सरसाइज गुरुवार को ही करें।

### एक ही मोशन की आदत है गलत

आपकी मसल्स को अगर एक ही तरह की एक्सरसाइज कराई जाती रहेगी तो इसको इसकी आदत पड़ जाएगी। इस आदत के चलते मसल्स ग्रोथ कम होने लगेगी। इसलिए जरूरी है कि आप मशीनों में हर कुछ दिन में बदलाव करते रहें। या फिर रैप्स की स्पीड और संख्या में भी बदलाव किए जा सकते हैं।

### ज्यादा कार्डियो धीमी मसल्स ग्रोथ

कार्डियो एक्सरसाइज जरूरी तो हैं लेकिन इनको सीमा से ज्यादा कर लेना भी सही नहीं है। ऐसा करने पर मसल्स ग्रोथ काफी धीमी हो जाती है। इसलिए अगर आप मसल्स ग्रोथ बढ़ाना चाहते हैं तो आपको एरोबिक एक्सरसाइज पर ज्यादा ध्यान देना होगा। कार्डियो एक्सरसाइज को हर हफ्ते 75 मिनट तक ही करें। 150 मिनट तक मॉडरेट एक्सरसाइज भी की जा सकती है।



### प्रोटीन का इंटेक

अगर आपको मसल्स ग्रोथ बढ़ाना है तो आपको कैलोरी और प्रोटीन की मात्रा खाने में बढ़ानी होगी। प्रोटीन मसल्स्स के डेवलपमेंट में सबसे जरूरी होता है। प्रोटीन के बिना मसल्स का निर्माण नहीं हो पाता है। इसके साथ प्रोटीन मसल्स की मरम्मत में भी बड़ा रोल निभाता है। मांसपेशियों के सही निर्माण के लिए अपने वजन के प्रति किलो के हिसाब से कम से कम 2 ग्राम प्रोटीन का इंटेक करना चाहिए।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## टिमोथी चालमेट बने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, 'वन बैटल आफ्टर अनदर' का फिल्मों में रहा दबदबा

'क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड' के 31वें संस्करण के विजेताओं का एलान 5 जनवरी को किया गया। इस दौरान कई फिल्मों और सीरीज के कलाकारों को सम्मानित किया गया। हॉलीवुड के प्रतिष्ठित अवॉर्ड्स में से एक 31वें क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड्स 2026 का आयोजन 5 जनवरी को किया गया। इस साल का समारोह कई मायनों में खास रहा, जहां फिल्मों के साथ-साथ वेब और टीवी सीरीज ने भी अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई। अमेरिका के सांता मोनिका स्थित बार्कर हैंगर में आयोजित इस भव्य आयोजन में दुनियाभर के क्रिटिक्स द्वारा चुने गए बेहतरीन कलाकारों और क्रिएटर्स को सम्मानित किया गया। इस साल की सबसे बड़ी विजेता बनकर उभरी 'वन बैटल आफ्टर अनदर', जिसने बेस्ट फिल्म का प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया। इतना ही नहीं, फिल्म के निर्देशन के लिए मशहूर फिल्ममेकर पॉल थॉमस एंडरसन को भी सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का अवॉर्ड मिला। यह फिल्म अपनी दमदार कहानी, विजुअल ट्रीटमेंट और निर्देशन के चलते पहले से ही चर्चा में थी और अब अवॉर्ड्स में इसकी जीत ने इसे साल की सबसे प्रभावशाली फिल्मों में शामिल कर दिया है। एक्टिंग कैटेगरी की बात करें तो टिमोथी चालमेट ने फिल्म 'मार्टी सुप्रीम' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता, जबकि जैसी बकली को 'हैमनेट' में शानदार प्रदर्शन के लिए बेस्ट एक्ट्रेस चुना गया। सपोर्टिंग रोल्स में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जहां जैकब एलॉर्डी ने 'फ्रैंकनस्टीन' के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का अवॉर्ड अपने नाम किया, वहीं एमी मैडिगन को 'वेपन्स' के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का सम्मान मिला।



### टॉलीवुड

## यश की 'टॉक्सिक' से सामने आया एक और लुक, इस किरदार में नजर आएंगी 'कांतारा चैप्टर 1' की हीरोइन

'केजीएफ' स्टार यश की आगामी फिल्म 'टॉक्सिक' से लगातार कास्ट के फर्स्ट लुक सामने आ रहे हैं। ताज्जुब की बात ये है कि फिल्म में मेल एक्टर के नाम पर अब तक सिर्फ यश का ही नाम और लुक सामने आया है। लेकिन फीमेल एक्ट्रेस में लगातार नए-नए नाम शामिल होते जा रहे हैं और उनके लुक सामने आ रहे हैं। कियारा आडवाणी, हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया और नयनतारा के बाद अब अभिनेत्री रुक्मणी वसंत का 'टॉक्सिक' से लुक सामने आया है। बाकी अभिनेत्रियों की तरह, रुक्मणी वसंत के लुक को भी यश ने इंट्रोड्यूस कराया है। अपने इंस्टाग्राम पर रुक्मणी वसंत के फर्स्ट लुक को शेयर करते हुए यश ने कैप्शन में लिखा, 'मेलिसा के किरदार में रुक्मणी वसंत का टॉक्सिक- फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स में स्वागत है।' अपने पहले लुक में रुक्मणी वसंत बोल्ड अंदाज में इंटेस लुक में नजर आ रही हैं। स्टाइलिश हेयरस्टाइल और मॉडर्न ड्रेस में रुक्मणी हाथों में क्लच पर्स पकड़े नजर आ रही हैं। उनके इधर-उधर और लोग नजर आ रहे हैं। यह किसी पार्टी या क्लब का सीन नजर आ रहा है। रुक्मणी वसंत से पहले 'टॉक्सिक' से कियारा आडवाणी, हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया और नयनतारा का लुक सामने आ चुका है। हालांकि, अब तक मेल एक्टर्स में यश के अलावा अब तक किसी और का लुक सामने नहीं आया है और न ही किसी के बारे में कोई जानकारी सामने आई है। ऐसे में सिर्फ हीरोइनों के लुक सामने आने के बाद फैंस इस फिल्म के लिए और भी उत्साहित हो गए हैं। गीतू मोहनदास द्वारा निर्देशित 'टॉक्सिक' 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। फैंस फिल्म के टीजर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रिपोर्ट्स में ऐसा दावा किया जा रहा है कि 8 जनवरी को फिल्म का टीजर सामने आ सकता है। हालांकि, अभी तक इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है।



### भोजपुरी

## ' सीआईडी बहू' का पोस्टर रिलीज और 'सास बहू यमराज' की पहली झलक भी दिखी

भोजपुरी फिल्म एक्ट्रेस आम्रपाली दुबे साल 2026 में दो नई फिल्मों से धमाका करने वाली हैं। इनका फर्स्ट लुक रिलीज हो चुका है। एक नाम ' सी आ ई डी बहू' है और दूसरी का नाम 'सास बहू यमराज' है। 'सास बहू यमराज' का ट्रेलर 4 जनवरी को रिलीज है। साल 2026 में भोजपुरी सिनेमा में धमाल मचेगा और इसकी शुरुआत आम्रपाली दुबे ने कर दी है। उनकी दो नई फिल्मों की झलक सामने आई है, जिसने फैंस को उत्साहित कर दिया है। जहां एक तरफ आम्रपाली की फिल्म ' सीआईडी बहू' का पोस्टर रिलीज किया गया है, तो वहीं दूसरी ओर उनकी दूसरी फिल्म 'सास बहू यमराज' का फर्स्ट लुक भी रिलीज किया गया है। दोनों फिल्मों में क्या खास है और कौन नजर आएगा, सारी जानकारी बता रहे हैंः सबसे पहले बात ' सीआईडी बहू' की। इसके पोस्टर में आम्रपाली दुबे एक हाथ में बंदूक और दूसरे हाथ में लेंस के साथ नजर आ रही हैं। फिल्म के इस पोस्टर ने दर्शकों के बीच उत्सुकता और चर्चा का माहौल बना दिया है। इससे यह साफ हो गया है कि यह फिल्म रहस्य, एक्शन और पारिवारिक भावनाओं का दिलचस्प संगम पेश करने वाली है। ' सीआईडी बहू'में आम्रपाली दुबे एक अलग और दमदार अंदाज में नजर आने वाली हैं। 'सीआईडी बहू' को प्रेम राय ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म को लेकर उन्होंने दावा किया कि यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा में अब तक बने पारंपरिक ढर्रे से बिल्कुल अलग और अनोखे कांसेप्ट पर आधारित है।



### टूटता बंधन

जेंडर-फ्लूइड फैशन के साथ स्टीरियोटाइप तोड़ना नए साल 2026 का शगल बन रहा है। जेन जेड की जैकेट, स्टाइलिस्ट स्कर्ट और ईयर कफ फैशन की नई परिभाषा गढ़ रहे हैं। उस पर जैकेट, पैंट शीन कॉउचर, जूते, प्रिस्टीन लग्जरी और ज्वेलरी स्टाइलिस्ट का अपना रंग है। जाहिर है अब जेंडर आधारित कपड़े पहनना जेन जेड के लिए बंधन नहीं है।




## मुंहासे के भद्दे दाग को हल्का करेंगे देसी नुस्खे

बाजार मुंहासे के पुराने दाग-धब्बों को हल्का करने के लिए आपको बहुत सारे ब्यूटी प्रोडक्ट्स मिल जाएंगे,मगर आप फ्री में ही इसका इलाज कर सकती हैं और घर की रसोई में मौजूद चीजों से मुंहासों के दाग-धब्बों को हल्का कर सकती हैं। सबसे पहली बात तो यह है कि एलोवेरा जेल में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, इसलिए अगर आपकी स्किन में मुंहासों की दिक्कत है, तो एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करने से वह कम हो जाएगी। बाकि इसमें विटामिन-सी प्रचुर मात्रा में होता है, जो त्वचा में मौजूद दाग-धब्बों को हल्का करता है।

अच्छी बात तो यह है कि एलोवेरा जेल में मॉइश्चराइजिंग गुण भी होते हैं, इसलिए त्वचा न तो ज्यादा ऑयली नजर आती है और ड्राई दिखती है। आप एलोवेरा जेल को गुलाब जल में मिक्स करके चेहरे पर लगा सकती हैं। आलू भी एंटी-स्कार होता है। आप इसे चेहरे पर डायरेक्ट लगा सकती हैं या फिर इसे कद्दूकस करके इसका रस निकाल लें और उसमें सेब का सिरका मिलाकर चेहरे पर लगा लें।

हां, आपकी त्वचा यदि ड्राई रहती है, तो आपको आलू के रस में थोड़ा शहद मिक्स कर लेना चाहिए। दोनों में ही ब्लीचिंग प्रॉपर्टीज होती हैं और यह मिश्रण आपकी त्वचा पर मौजूद दाग-धब्बों को दूर करेगा और ड्राई भी नहीं होने देगा। आलू के रस को चेहरे पर लगाकर आप 5 से 10 मिनट के लिए छोड़ सकती हैं और फिर आप चेहरे को वॉश कर लें। नींबू का रस कभी भी त्वचा पर डायरेक्ट न लगाएं।

एक्सपर्ट कहते हैं कि नींबू में सिट्रिक एसिड होता है, जो त्वचा की ऊपरी परत को पील ऑफ कर देता है, जिससे त्वचा को नुकसान पहुंच सकता है। यानि नींबू के रस का डायरेक्ट प्रयोग त्वचा से जुड़ी एक और समस्या को बढ़ा देगा। नींबू के रस को आप गुलाब जल, एलोवेरा जेल, शहद या फिर संतरे के रस में मिक्स करके चेहरे पर लगा सकती हैं। इससे आपके चेहरे पर मौजूद दाग-धब्बे हल्के पड़ जाएंगे और चेहरे पर एक अनोखी चमक भी आ जाएगी।



## विंटर में लॉन्ग कोट के साथ इन टिप्स की मदद से साड़ी करें स्टाइल



सर्दियों में साड़ी स्टाइल करना काफी मुश्किल होता है लेकिन आप इन टिप्स की मदद से इन्हें वियर कर सकती हैं। साड़ी स्टाइल करना हर किसी को पसंद होता है लेकिन सर्दियों में इन्हें वियर करने में थोड़ी दिक्कत होती है। इसलिए ज्यादातर लड़कियां जींस स्वेटर और जैकेट वियर करना पसंद करती हैं। लेकिन अगर आप चाहे तो साड़ी को लॉन्ग कोट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपका लुक काफी सुंदर नजर आएगा। साथ ही आपको साड़ी वियर करने का भी मौका मिलेगा। चलिए जानते हैं कैसे वियर करें साड़ी लॉन्ग कोट के साथ।



### पल्ले को आगे की तरफ करें स्टाइल

अगर आप साड़ी के साथ लॉन्ग कोट वियर कर रही हैं तो इसके लिए आपको साड़ी के पल्ले को स्कर्फ की तरह स्टाइल करना है फिर इसके ऊपर कोट वियर करना है। इससे आपका गला भी ढका रहेगा साथ ही आप कम्फर्टेबल भी रहेंगी। इसके लिए सबसे पहले सिंपल प्लीट्स बनाएं। फिर पल्ले को कंधे पर सेट करें। अब इसे आगे की तरफ लाएं और फिर कोट के बटन लगाएं। ऐसे आप साड़ी के साथ लॉन्ग कोट को पहन सकती हैं।



### ओपन पल्लू के साथ स्टाइल करें कोट


अगर आप कहीं घूमने का प्लान बना रहीं है और साड़ी वियर करने के बारे में सोच रही हैं तो ऐसे में आप ओपन पल्लू (सूट डिजाइन स्टाइल टिप्स) कर सकती हैं फिर कंधे पर अपने कोट को बस स्टाइल कर सकती हैं। ये आजकल का काफी लेटेस्ट ट्रेंड है जिसे फॉलो करना हर कोई पसंद करता है ये काफी स्टाइलिश लगता है।

### सिंपल तरीके से साड़ी करें स्टाइल

अगर आपको कुछ समझ नहीं आ रहा तो इसके लिए आप पल्ले पर प्लीट्स बनाएं फिर इसे बेल्ट से सेट करें।

## नेल पॉलिश जाती है फैल तो रखें इन बातों का खास ख्याल

अक्सर हम नेल पॉलिश को उंगलियों पर 2 से 3 कोट में लगाना पसंद करते हैं। वहीं 1 से ज्यादा कोट लगाने के चक्कर में हम पहले लगाये हुए कोट को सूखने का समय ही नहीं देते हैं, जिसके कारण लगाया गया अगला कोट सही तरीके से नहीं लग पाता है। नेल पोलिश को फ्लॉलेस बनाने के लिए आप कोशिश करें कि कम से कम कोट में ही नेल पोलिश लगायें और अगर दूसरा कोट लगाने से पहले थोड़ा सूखने का इंतजार करें। ऐसा करने से आपके हाथों पर लगी नेल पोलिश फैलेगी नहीं। अगर आप बिगिनर हैं और ज्यादा अच्छी तरह से नेल पोलिश नहीं लगा पाते हैं तो आप क्यूटीक्लस और नाखून के आस-पास के जगह पर ग्लू लगा सकते हैं और फिर धीरे-धीरे नेल पोलिश लगा सकते हैं। नेल पोलिश को लगाने के बाद आप क्यूटीक्लस पर लगी हुई ग्लू को हटा सकते हैं। ऐसा करने से आपके हाथों की उंगलियों पर काफी क्लीन लुक मिलने में मदद मिलेगी। ज्यादातर हम नेल पोलिश को लगाकर बैठे रहते हैं कि कब वे सूख जाये और फैलने से बची रहे। बता दें कि इसके लिए आप अपने हाथों की उंगलियों को ठंडे पानी में डूबा सकती हैं। करीब 10 से 20 सेकंड तक ऐसा करने के 2 मिनट बाद नेल पोलिश पूरी तरह से सूख जाएगी। इसे आप सर्दी के मौसम में इस हैक को ट्राई कर सकती हैं।




## डिफरेंट लुक चाहती हैं तो पहनें ये इयर कफ इयररिंग्स, देखें लेटेस्ट डिजाइन

इयर कफ इयररिंग्स एक स्टाइलिश और ट्रेंडी एक्सेसरीज है जो आपके लुक को पूरी तरीके से चेंज कर देता है। इसे कान के आकार के हिसाब से तैयार किया जाता है ताकि जब आप इसे वियर करें तो पूरा कान अच्छे से कवर हो सके। इसमें आपको काफी सारे अलग-अलग डिजाइन मिल जाएंगे। आप अपनी पसंद और स्टाइल के हिसाब से इन्हें चूज कर सकती हैं। अगर आप कुछ डिफरेंट और हटके लुक चाहती हैं तो लेटेस्ट डिजाइंस को मार्केट से खरीद भी सकती हैं। चलिए जानते हैं कौन से डिजाइंस आजकल ट्रेंड में हैं।

### फूलों के डिजाइन का इयर कफ

इस इयर कफ इयररिंग्स में फूल का डिजाइन होता है। किसी में छोटे फूल बने हुए होते हैं तो किसी में छोटे फूलों को बनाया जाता है। ये दिखने में काफी सुंदर होते हैं और आकर्षक लगते हैं। आप इसे किसी भी वेस्टर्न ड्रेस के साथ स्टाइल कर सकती हैं ये काफी आकर्षक लगते हैं साथ कि इसके बाद आपको ज्यादा कुछ स्टाइल करने की जरूरत नहीं पड़ती है। मार्केट से आप इस तरीके के इयररिंग्स 200 से 500 रुपये में खरीद सकती हैं।





### मल्टीकलर इयर कफ

अगर आपको कुछ नया ट्राई करना है तो आप इस तरीके के सर्कुलर डिजाइन वाले इयर कफ को टाई कर (लेटेस्ट इयररिंग्स डिजाइन) सकती हैं। इसमें आपको हर लेयर पर डिफरेंट कलर मिलेंगे। जिससे ये अलग ही स्टाइल के लगेंगे। इस तरीके के इयर कफ फंकी लुक के लिए बेस्ट होते हैं और स्टाइलिश लगते हैं।

### पीकॉक शेप इयर कफ

आजकल पीकॉक डिजाइन काफी ट्रेंड में है इसलिए आप भी इस तरीके के इयर कफ को वियर कर सकती हैं।

### कार्नर न्यूज

#### वक्त के साथ चलने जरूरी है कि हेयर स्टाइल पर भी ध्यान दें मेंस

## नए साल में अपनाएं लेटेस्ट हेयर स्टाइल दुनिया हो जाएगी आपकी अदा की दीवानी

स्टाइलिश हर कोई दिखना चाहता है। लेकिन स्टाइलिश दिखता वही है जो खुद को समय के साथ अपग्रेड करता रहता है। फिर चाहें वो पहनने वाले कपड़े हों या फिर स्टाइलिश शूज। लेकिन वक्त के साथ चलने के लिए सिर्फ कपड़े और जूतों पर ध्यान देना पर्याप्त नहीं है। कपड़ों की शॉपिंग तो आप दोस्तों या पार्टनर के साथ जाकर भी कर लेते हैं। लेकिन सैलून में बाल कटवाने के लिए तो अकेले ही जाना पड़ता है। सैलून में जाकर हेयर स्टाइलिस्ट को सही ढंग से समझाना भी आना चाहिए कि आपको क्या चाहिए?

बहुत से लोग इसी डर से नई और ट्रेंडी मेंस हेयर स्टाइल को अपनाने से बचते हैं। लेकिन, क्या नई मेंस हेयरस्टाइल को अपनाना इतना मुश्किल है? बिल्कुल नहीं। नई हेयरस्टाइल को अपनाना भी आसान है और मेंटेन करना भी। बस थोड़ी समझ को बढ़ाना पड़ेगा। नई और ट्रेंडी मेंस हेयरस्टाइल के बारे में देश की जानी-मानी फैशन एंड ग्रूमिंग चेन लुक्स सैलून, डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया (नोएडा) के सीनियर हेयर स्टाइलिस्ट आमिर बता रहे हैं।



### साइड स्वेप्ट वेवी हेयरस्टाइल्स

कुछ हेयर स्टाइल ऐसी भी हैं जो कभी ट्रेंड से आउट नहीं होती हैं। लगातार ट्रेंड में बनी रहने वाली इन हेयर स्टाइल में अंडर कट और फेड कट का नाम भी शामिल है। शायद यही कारण है कि, अपने से पहले वाली पीढ़ी भी इन स्टाइल को मेंटेन करती थी और लोग आज भी इसे मेंटेन करना पसंद करते हैं। हमारी नई हेयर स्टाइल इन दोनों ही स्टाइल का बेमिसाल कॉम्बो पेश करती है। इस हेयर स्टाइल का वेवी या लहराते बालों वाला टेक्स्चर लंबे चेहरे वाले लोगों के लिए बेस्ट है। ये उनके बालों में वॉल्यूम होने का अहसास भी देता है। बेहतर लुक्स के अलावा, ये हेयर स्टाइल बेहतर ऑप्शन भी देती है। अगर आप इस हेयर स्टाइल में बालों को साइड में मोड़ना चाहें तो मोड़ सकते हैं। वही अगर आप बालों को पीछे की तरफ ले जाना चाहते हैं तो भी ले जा सकते हैं। ये पूरी तरह से आपका फैसला है।

### फेडेड पोंपाडोर

पोंपाडोर हेयर स्टाइल को ये नाम एक फ्रेंच महिला 'मादाम डी पोंपाडोर' के नाम पर मिला है। वह फ्रांस के राजा लुईस 15वें के काल की एक फैशनेबल महिला थी। इस स्टाइल का इजाद भी उन्होंने ही किया था। सबसे पहले इस स्टाइल को महिलाओं का फैशन स्टेटमेंट माना जाता था। लेकिन एल्विस प्रिस्ले ने आकर इसे दुनिया में मकबूलियत दी और शोहरत की नई बुलंदियों तक पहुंचाया। पोंपाडोर हेयर स्टाइल का मूल आइडिया चेहरे के सामने के बालों को ऊपर की तरफ उठाने और पीछे से सहारा देकर आगे उठे हुए बाल पाने का है। इस हेयर स्टाइल में साइड और पीछे के बालों को शॉर्ट भी रखा जा सकता है। ये हेयर स्टाइल शॉर्ट हाइट वालों के लिए भी बेस्ट हो सकती है।

